


दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

इंदौर

गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष – 13

वर्ष : 16 अंक : 195

कुल पृष्ठ : 12


नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग के साथ... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा

# ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहाँ की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं।



## भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से दक्ष विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को जोड़ते हुए युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। बैठक में कौशल विकास नीति, रोजगार कार्यालयों और कौशल विकास के विलय, स्थानीय एवं परम्परागत पद्धतियों की पहचान के लिए आरंभ श्रुति कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया विमान में शख्स ने बगल के पैसेंजर पर पेशाब की


**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नई दिल्ली से बैंकॉक जा रही एक उड़ान के दौरान एअर इंडिया के एक यात्री ने कथित तौर पर एक साथी यात्री पर पेशाब कर दी। घटना बुधवार की बताई जा रही है। वहीं इस मामले में उड्डयन मंत्रालय सख्त नजर आ रही है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि 9 अप्रैल 2025 को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट के केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी। क्रू ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है। अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की। हालांकि, उसने मना कर दिया।

### अब दिल्ली और भोपाल के बीच फर्राटा भरती नजर आएगी ट्रेनें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली से मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इन दो शहरों के बीच चलने वाली ट्रेनें अब फर्राटा भरते हुए नजर आएगी। दरअसल, इस वर्ष रेलवे के झांसी डिवीजन ने अनूठा काम किया है। डिवीजन ने वित्तीय साल 2024-25 में ट्रैक विस्तार, गेज परिवर्तन, कॉर्ड लाइन निर्माण और ऑटोमैटिक सिग्नलिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कई रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। झांसी रेल डिवीजन कुल 151 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का निर्माण किया है। इसमें से 115 किलोमीटर ट्रैक पर डबलिंग एवं ट्रिपलिंग का कार्य किया गया, जिससे न केवल ट्रेनें समय पर गंतव्य पर पहुंचेंगी, बल्कि मालगाड़ियों की भी स्पीड बढ़ेगी।

### बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत, 6 राज्यों में हीटवेव

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी के बीच बिहार में बिजली गिरने से 3 जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई है। असम और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण बिहार तक नमी युक्त हवाएं आ रही है, जिनसे उत्तर-पूर्व के इलाकों में मौसम बदला है। राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्से हीटवेव की चपेट में हैं। मध्य प्रदेश के 30 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। दिल्ली में 15 साल अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार गया है। कई इलाकों में हीटवेव के हालात हैं।




### प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस की अकड़ का दिया करारा जवाब

# भारत के रास्ते बांग्लादेश के व्यापार पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, (एजेंसी)।

**भारत ने बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर सुविधा (ट्रांस-शिपमेंट) वापस ले ली है। इससे बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से जारी सर्कुलर में इस फैसले की जानकारी दी गई।**

साल 2020 से जारी इस व्यवस्था के तहत बांग्लादेश से आने वाले सामान को भारत के रास्ते दूसरे देशों में भेजने की अनुमति दी गई थी। यह सामान जमीन के रास्ते भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंचता था। इसका मकसद यह था कि बांग्लादेश आसानी से भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को सामान भेज सके। अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है। भारतीय कारोबारियों खासकर परिधान क्षेत्र के निर्यातकों ने सरकार से बांग्लादेश को दी जाने वाली यह सुविधा वापस लेने का आग्रह किया था। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के प्रमुख अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नए आदेश के बाद यह सुविधा तुरंत बंद कर दी गई है। लेकिन जो सामान पहले से ही भारत में आ चुका है, उसे पुराने नियमों के अनुसार बाहर जाने दिया जाएगा। श्रीवास्तव के मुताबिक, भारत ने बांग्लादेश के सामान को अपने बाजार में बिना किसी टैरिफ के आने की अनुमति दी है। यह सुविधा वर्ष 2020 से दी जा रही है। सिर्फ शराब और सिगरेट को छोड़कर बाकी सभी सामान पर कोई टैक्स नहीं लगता।

### भारत ने क्यों खत्म की पुरानी व्यवस्था?

दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले महीने चीन का दौरा किया था। वहां उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य लैंड लॉक्ड (जमीन से घिरे हुए) हैं और समुद्र तक उनकी पहुंच का एकमात्र रास्ता बांग्लादेश है। यूनुस ने चीन को बांग्लादेश की स्थिति का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया था। यूनुस की यह टिप्पणी भारत को नागवार गुजरी थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव भी देखने को मिला था।



### भारतीय कारोबारियों को होगा लाभ

व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, इस निर्णय से परिधान, जूते, रत्न एवं आभूषण जैसे कई भारतीय निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा। परिधान क्षेत्र में बांग्लादेश भारत का बड़ा प्रतिस्पर्धी है। भारतीय कपड़ों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली संस्था अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा कि दिल्ली में हर दिन 20-30 बांग्लादेशी ट्रक आते हैं, जिससे कार्गो टर्मिनलों पर जाम लग जाता है और माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि अब हमारे पास अपने माल के लिए अधिक हवाई क्षमता होगी।

### प्रभावित होगा बांग्लादेश का व्यापार


माल हस्तांतरण सुविधा के बंद होने से बांग्लादेश के निर्यात और आयात पर असर पड़ेगा। खासकर भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार में दिक्कत आएगी। ये देश तीसरे देशों के साथ व्यापार के लिए भारतीय रास्तों पर निर्भर हैं। पहले भारत से होकर जाने वाला रास्ता आसान था। इससे समय और पैसा दोनों बचता था। अब व्यापारियों को ज्यादा समय लगेगा, ज्यादा खर्चा आएगा और अनिश्चितता भी बढ़ेगी। नेपाल और भूटान दोनों ही जमीन से घिरे हुए देश हैं। वे बांग्लादेश के साथ व्यापार के लिए भारत के रास्ते का इस्तेमाल करते हैं।

### गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन...

# वक्फ बिल संविधान पर हमला, अब संघ क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगा : राहुल

अहमदाबाद, (एजेंसी)।

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया। अधिवेशन में बुधवार को राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। RSS के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। राहुल ने कहा- बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।



### जिलाध्यक्षों को संगठन की नींव बनाएंगे

राहुल ने कहा कि- हमारी संगठन में काफी बैठकें हुई हैं। हम चाहते हैं कि जिला अध्यक्षों को संगठन की नींव बनाएं, शक्ति बनाएं। डिस्ट्रिक्ट कमेटी और डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को हम पार्टी की फाउंडेशन बनाने जा रहे हैं। आप सभी को लड़ना है। ये आसान नहीं है। उनके पास धन हैं, देश के सारे इंस्टीट्यूशंस हैं। उनके पास सबकुछ है, लेकिन जीत हमारी होगी, हमारे साथ जनता का प्यार है। आप देखिएगा कि आने वाले समय में जनता उनके साथ क्या करने जा रही है।

### भाजपा के मन में नफरत भरी

आपके लिए चाहे दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिला चाहे कोई भी हो, आप सभी की रिस्पेक्ट करते हैं। उनके मन में सबके लिए नफरत भरी हुई है। लड़ाई इसी बात की है। हमारे लिए सभी लोग इंसान हैं। हम सभी से मोहब्बत करते हैं। उनके लिए रिस्पेक्ट के मायने अलग हैं। कोई दलित है, उसे मंदिर में नहीं जाना चाहिए।

### संविधान पर आक्रमण...

राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।

### खड़गे ने ईवीएम पर उठाए सवाल

चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा।

## चीन ने अमेरिकी सामानों पर लगाया 84 प्रतिशत शुल्क

**बीजिंग, (एजेंसी)।** चीन और ट्रंप के बीच चल रही तनातनी बुधवार को तब और बढ़ गई जब बीजिंग ने अमेरिका से आने वाले सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले, चीन ने अमेरिकी टैरिफ के जवाब में उसके उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था। उसके बाद, ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का फरमान जारी कर दिया। अब इसी के जवाब में बीजिंग ने कार्रवाई की है। चीनी की ओर से ताजा टैरिफ के ऐलान के बाद बुधवार को अमेरिकी शेयर सूचकांक के वायदा भाव में गिरावट दिखी। वहीं चीन ने बुधवार को विश्व व्यापार संगठन से कहा कि बीजिंग पर पारस्परिक शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले से वैश्विक व्यापार में और अस्थिरता आने का खतरा है। चीन ने विश्व व्यापार संगठन को दिए गए एक बयान में कहा, स्थिति खतरनाक रूप से बढ़ गई है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ताहिर अली के घर पहुंच दी ईद की मुबारकबाद

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद के मुबारक मौके पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक जनसंपर्क ताहिर अली के घर पहुंचे और उन्हें ईद की मुबारकबाद दी, जिसने पूरे परिवार के दिलों को विशेष भावनाओं से भर दिया। ताहिर अली ने बताया कि उप मुख्यमंत्री शुक्ल का सादगीभरा स्वभाव, आत्मीय मुस्कान और अपनेपन से भरा व्यवहार पूरे परिवार के लिए अविस्मरणीय क्षण लेकर आया। शुक्ल ने घर पधार कर न सिर्फ ईद की दिल से शुभकामनाएं दीं, बल्कि हमारे साथ बैठकर पर्व की मिठास और उल्लास को भी साझा किया। उनका यूं हर साल आना हमारे लिए सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध का जीवंत प्रमाण है। ईद के इस खास मौके पर जब उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने पूरे परिवार से मुलाकात की, बच्चों को दुलारा और घर की महिलाओं से आत्मीय संवाद किया वह पल हमारे जीवन के बेहद कीमती लम्हों में शामिल हो गया।



### शुक्ल का स्नेह और अपनापन प्रेरणास्पद

शुक्ल का यह स्नेह, अपनापन और निरंतर साथ हमारे लिए प्रेरणास्पद है। उनकी सादगी और जनभावनाओं से जुड़ाव यह दर्शाता है कि वे सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और संस्कृति से जुड़े हुए जननायक हैं। ताहिर अली ने कहा कि मैं और मेरा परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता हैं कि उन्होंने अपने बहुमूल्य समय में से कुछ पल हमें दिए और हमारी ईद की खुशियों को और भी विशेष बना दिया।

## ममता बोलीं-वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में नहीं होगा लागू

**कोलकाता, (एजेंसी।)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। आप भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने लोगों से उन लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देने की अपील की जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ लोग आपको इकट्ठा होने और आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाएंगे। मैं आप सभी से ऐसा न करने की अपील करूंगी।

### नौसेना को बढ़ी ताकत, हिंद महासागर में और बढ़ेगी क्षमता

# 64 हजार करोड़ में फ्रांस से 26 मरीन राफेल खरीदेगा भारत

नई दिल्ली, (एजेंसी)।

**केंद्र सरकार ने फ्रांस से 26 मरीन राफेल फाइटर जेट की खरीदी को मंजूरी दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी ने 9 अप्रैल को डील पर मुहर लगाई।**

भारत को 64 हजार करोड़ रुपए में 26 मरीन फाइटर मिलने हैं। इसके बाद फ्रांस 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर जेट भारतीय नौसेना को सौंपेगा। इन्हें हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। भारत नौसेना के लिए राफेल मरीन की डील उसी बेस प्राइज में करना चाहता था, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी थी। इस डील की जानकारी सबसे पहले पीएम मोदी की 2023 की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आई थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया। इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपए की डील में भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है। पहले दौर की चर्चा जून 2024 में हुई थी 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा जून 2024 में शुरू हुई थी। तब फ्रांस सरकार और दसॉ कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रैक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी। डील फाइनल होने पर फ्रांस राफेल-रूजेट के साथ हथियार, सिमुलेटर, क्रू के लिए ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराएगा।



### फ्रांस ने ट्रायल्स के दौरान राफेल जेट की लैंडिंग और टेक-ऑफ किया

इन हथियारों में अस्त्र एयर-टु-एयर मिसाइल, एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट करने के लिए जेट में इंडियन स्पेसिफिक इन्हैंस्ड लैंडिंग इक्विपमेंट्स और जरूरी इक्विपमेंट्स शामिल किए गए हैं। फ्रांस ने ट्रायल्स के दौरान इंडियन एयरक्राफ्ट कैरियर्स से राफेल जेट की लैंडिंग और टेक-ऑफ स्किल का प्रदर्शन किया है, लेकिन रियल टाइम ऑपरेशन के लिए कुछ और इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल करना होगा।

### हिंद महासागर में होगी राफेल मरीन जेट की तैनाती

नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफेल-एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफेल-एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। भारतीय नौसेना इन विमानों को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आईएनएस डेगा में अपने होम बेस के रूप में तैनात करेगी। नौसेना के डबल इंजन वाले जेट आमतौर पर दुनियाभर की एयरफोर्स द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे विमानों की तुलना में ज्यादा महंगे होते हैं, क्योंकि समुद्र में इनके ऑपरेशन के लिए अतिरिक्त क्षमताओं की जरूरत होती है। इनमें अरेस्टिंग लैंडिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले लैंडिंग गियर भी शामिल हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन



# सड़क निर्माण से मध्य प्रदेश हो रहा समृद्ध

''हमारी सरकार सुगम सम्पर्क, तेज विकास, बेहतर सुरक्षा और सबकी समृद्धि सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ नेक्स्ट जनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए लगातार कदम उठा रही है।''

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## ₹ 5800 करोड़ से अधिक के निवेश से कुल 328 किमी लम्बी 10 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### लोकार्पण

**उज्जैन-बदनावर खंड पर 4 लेन सड़क**
NH- 752D(SPUR), लम्बाई: 69 कि.मी., लागत: ₹1353 करोड़

**उज्जैन-गरोठ कॉरीडोर में खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे**
NH- 752D, लम्बाई: 48 कि.मी., लागत: ₹876 करोड़

**उज्जैन-गरोठ कॉरीडोर में सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे**
NH- 752D, लम्बाई: 46 कि.मी., लागत: ₹823 करोड़

**जीरापुर-सुसनेर-मध्य प्रदेश/राजस्थान बॉर्डर रोड खंड पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सड़क**
NH- 752B, लम्बाई: 46 कि.मी., लागत: ₹241 करोड़

**बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क**
NH- 52, लम्बाई: 09 कि.मी., लागत: ₹209 करोड़

### शिलान्यास

**संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क**
NH- 146B, लम्बाई: 43 कि.मी., लागत: ₹1536 करोड़

**चंदेरी-पिछोर खंड पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सड़क**
NH- 346, लम्बाई: 56 कि.मी., लागत: ₹415 करोड़

**इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाइओवर व अंडरपास**
NH- 59, लम्बाई: 05 कि.मी., लागत: ₹217 करोड़

**शाजापुर, कनासीया एवं MIDC इंडस्ट्रीयल एरिया में 3 फ्लाइओवर व अंडरपास**
NH- 52, लम्बाई: 05 कि.मी., लागत: ₹111 करोड़

**रसलपुर जंक्शन पर फ्लाइओवर**
NH- 52, लम्बाई: 01 कि.मी., लागत: ₹52 करोड़

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र की उज्जैन से हाई स्पीड कनेक्टिविटी, श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा सुगम, श्रद्धालुओं को सुविधा
- दिल्ली एवं मुंबई का मालवा क्षेत्र से सुगम संपर्क, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- संदलपुर-नसरुल्लागंज चौड़ीकरण से जबलपुर इंदौर की सीधी कनेक्टिविटी में सुधार
- कृषि उपज एवं स्थानीय उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुँच आसान, रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- बाकानेर घाट के रिअलाइनमेंट से सुगम एवं सुरक्षित यात्रा
- बेहतर कनेक्टिविटी के कारण निवेश में वृद्धि, आर्थिक विकास को बल
- उज्जैन से बदनावर तक यात्रा का समय 2 घंटे से घट कर 45 मिनट हुआ, समय और ईंधन की बचत
- इंदौर-गुजरात एवं ब्यावरा देवास खंड पर फ्लाइओवर निर्माण से ट्रैफिक जाम से राहत
- चंदेरी किला एवं पिछोर जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल तक पहुंचना आसान, पर्यटन को बढ़ावा

## नितिन गडकरी
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
के द्वारा

एवं

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 10 अप्रैल 2025, प्रात: 11.30 बजे | स्थल: खेड़ा, बदनावर (जिला-धार)**

### गरिमामयी उपस्थिति

**शिवराज सिंह चौहान** — कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार | **ज्योतिरादित्य सिंधिया** — केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार

**अजय टम्टा** — राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **हर्ष मल्होत्रा** — राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **सावित्री ठाकुर** — महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार | **जगदीश देवड़ा** — उप मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश | **कैलाश विजयवर्गीय** — मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश शासन | **राकेश सिंह** — मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन

**बालयोगी उमेश नाथ महाराज** — राज्य सभा सदस्य | **बंशीलाल गुर्जर** — राज्य सभा सदस्य | **अनिल फिरोजिया** — सांसद, उज्जैन-आलोट | **सुधीर गुप्ता** — सांसद, मंदसौर | **शंकर लालवानी** — सांसद, इंदौर | **रोडमल नागर** — सांसद, राजगढ़ | **गजेंद्र सिंह पटेल** — सांसद, खरगोन | **महेंद्र सिंह सोलंकी** — सांसद, देवास

### परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण

अनिल जैन कालूहेड़ा | चन्दर सिंह सिसोदिया | जीतेन्द्र पंड्या | आशीष शर्मा | नीना विक्रम वर्मा | कालूसिंह ठाकुर | गायत्री राजे पवार | रमाकांत भार्गव | अरुण भीमावद | मनोज पटेल | जगन्नाथ सिंह रघुवंशी
राजकुमार मेव | रमेश प्रसाद खटीक | प्रीतम लोधी | माधव सिंह | कालूराम मेघवाल | हजारीलाल दांगी | हरदीप सिंह डंग | भंवर सिंह शेखावत | प्रताप ग्रेवाल | भैरो सिंह बापू | महेश परमार | दिनेश जैन

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

cbc 37107/15/0001/2526

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभु राम की मूरत धारण कर बढ़ना होगा आगे : देसाई



**इंदौर ( विनय उजाला )।** दिनांक 6 अप्रैल को प्रिंस यशवंत शारदा वासनालय सनावद में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी हुई, जिसकी अध्यक्षता जयप्रकाश मिश्रा ने की, मुख्य अतिथि अरुण जोशी थे। कार्यक्रम का संचालन मनोहर गोस्वामी ने किया उन्होंने काव्य पाठ करते हुए कहा सूर्य वंश में राम का हुआ सूर्य सा काम,अब भी रम रहा दो अक्षर का नाम। कवि राजेंद्र मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा सूर्य किरण संग सूर्यतिलक आज राम का होता है, कोने-कोने,सारे जग में उदघोष श्री राम का होता है ।कवि सुरेश अत्रे ने कहा अंतरात्मा में प्रकाश कुछ ऐसे आता है जैसे सूर्य की रोशनी से चांद जगमगाता है। कवि एवं शिक्षक शिशिर देसाई ने कहा आएंगे जीवन में विघ्न,संकट,कष्ट रोड़े, बाधाएं राह में प्रभु राम की मूरत मन में धारण कर तुझे आगे बढ़ना होगा ।कवि सालिगराम मालवीय ने कहा राम ही तन- मन राम ही जीवन राम ही जगत के भाग्य विधाता,राम से बड़ा ना जग में कोई राम ही सबके जीवन दाता। कवि रमेशचंद्र नरिया ने कहा सजा लो घर को फूलों से अवध में राम आए हैं ।कवि शरद जोशी ने कहा भजन बिना चैन ना आवे राम भजन तो है अमृत का प्याला। कवि कवि राजेंद्र शर्मा ने कहा राजतंत्र से प्रजातंत्र का सफर प्रजा ने देखा,प्रजा कभी उद्गत कभी उदगत होकर मांगती रही लेखा। कार्यक्रम के अंत में आभार शिशिर देसाई ने माना।

**रामनवमी के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक काव्य गोष्ठी संपन्न**

### इंदौर के ट्रैफिक थाने के कबाड़ में लगी आग, कार, ऑटो रिक्शा और बाइक जलकर खाक

**इंदौर, नप्र।** इंदौर के पश्चिम इलाके के ट्रैफिक थाने में बुधवार दोपहर को आग लग गई। आग से थाना परिसर के कबाड़ में खड़ी हुई कई गाड़ियां जलकर खाक हो गई। आग के चलते आसपास के इलाके में काफी धुआं फैल गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पश्चिम इलाके के ट्रैफिक थाने मेंबुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे शार्ट-सर्किट के चलते सूखे पेड़ में आग लग गई थी। आग बढ़ते-बढ़ते वहां खड़े जब्ती के वाहनों तक पहुंच गई। कुछ देर में आग ने भयावह रूप ले लिया। आग से कबाड़ में खड़ी कार, ऑटो रिक्शा और बाइक जल गई। सूचना के बाद यहां जीएनटी मार्केट से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को- व्यापक तैयारियां प्रारंभ

**इन्दौर, नप्र।** लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के आपसी सुलह समझौते के माध्यम से त्वरित निराकरण के लिये समस्त न्यायालयों में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस सिलसिले में कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार एवं इंदौर उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विवेक रूसिया के निर्देशन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में भी 10 मई (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति खण्डपीठ इंदौर श्री अनूप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्तानुसार उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत कराने हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), ज्वाईन्ट रजिस्ट्रार, संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर शासन द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।

# रतलाम मंडल से होकर चलेगी चार जोड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेने

विनय उजाला

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। ये तीनों ट्रेने रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के साथ गुजरेगी।

**ट्रेन संख्या 09043/09044 बांद्रा टर्मिनस - बढ़नी साप्ताहिक स्पेशल :** ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08.00 बजे बढ़नी पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 अप्रैल से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम(10.30/10.40 बजे), नागदा(11.20/11.22) एवं उज्जैन(12.40/12.45 बजे) प्रत्येक रविवार को आगमन/प्रस्थान होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को बढ़नी से 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.50 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 14 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इस ट्रेन का उज्जैन (10.45/10.50), नागदा (12.18/12.20) एवं रतलाम (13.05/13.15) बजे प्रत्येक मंगलवार को आगमन/प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, सूरत, सायण, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जं. और गोंडा जं. स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**ट्रेन संख्या 09195/09196 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल :** ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 19.00 बजे वडोदरा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.45 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन तत्काल प्रभाव से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इस ट्रेन का दाहोद (20.58/21.00), रतलाम (22.35/22.45) बजे प्रत्येक सोमवार को आगमन/प्रस्थान होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09196 मऊ- वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल मऊ से प्रत्येक मंगलवार को 23.45 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को 00.45 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन तत्काल प्रभाव से 1 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम (19.55/20.05) एवं दाहोद (21.11/21.13) बजे प्रत्येक गुरूवार को आगमन/प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दाहोद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा जं., टूंडला, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस और औंड़िहार स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09195 का गोधरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन नंबर 09205 की बुकिंग 9 अप्रैल, 2025 से यात्री आरक्षण केन्द्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी तथा अन्य ट्रेनों के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। ट्रेनों के परिचालन समय, ठहराव और संरचना से सम्बंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।



### ट्रेन संख्या 09205/09206 पोरबंदर-आसनसोल साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 09205 पोरबंदर आसनसोल साप्ताहिक स्पेशल 10 एवं 17 अप्रैल, 2025 सोमवार को 08.00 बजे पोरबंदर से प्रस्थान करेगी और शनिवार को 06.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम (23.10/23.20, गुरूवार), नागदा (00.05/00.07, शुक्रवार) एवं उज्जैन (01.20/01.25) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09206 आसनसोल पोरबंदर स्पेशल 12 एवं 19 अप्रैल, 2025 शनिवार को आसनसोल से 17.45 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 13.45 बजे पोरबंदर पहुंचेगी। इस ट्रेन का उज्जैन (22.00/22.05, रविवार), नागदा (22.57/22.59) एवं (23.40/23.50, रविवार) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। यह इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर तथा जनरल कोच होंगे। यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में भाणवड, लालपुर जाम, जामनगर, हापा, राजकोट, वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, अहमदाबाद, आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, गोविंदपुरी, प्रयागराज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया, कोडरमा और धनबाद स्टेशनों पर रुकेगी।

### ट्रेन संख्या 09183/09184 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल

ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 22.50 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 10.30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 09 अप्रैल से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम आगमन/प्रस्थान प्रति गुरूवार को 08.40/08.50 बजे होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को वाराणसी से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 04.20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून 2025 तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम आगमन/प्रस्थान प्रति शनिवार को 17.45/17.55 बजे होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह आगरा, टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोंगांव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई जं. और भदोही स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी) के कोच होंगे।

# महापौर भार्गव ने दिखाई संवेदनशीलता, मिश्रा जी का सील मकान खुलवाया

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** नगर निगम की कार्रवाई से परेशान गणेश गंज निवासी रविशंकरमिश्रा को उस समय राहत मिली, जब महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने व्यक्तिगत हस्तक्षेप किया। बुधवार सुबह दिल्ली से लौटते ही महापौर एयरपोर्ट से सीधे मिश्रा जी के घर पहुंचे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह कार्रवाई अमानवीय है। बिना उचित सुनवाई के किसी नागरिक का घर सील करना गलत है। महापौर ने कहा की जानता के सहयोग से जानता के करण ही इंदौर हर चीज़ में नंबर वन रहता है इस तरह की द्वेष पूर्ण कार्वाही पर नाराज होते हुए महापौर ने कहा की कितना बड़ा अधिकारी क्यों न हो उस पर कारवाही की जाएगी

महापौर ने मौके पर पहुंचकर निगम अधिकारियों को फटकार लगाई और तुरंत मिश्रा जी के मकान की सील खुलवाई। बंद की गई बोरिंग भी चालू कराई गई। उन्होंने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि अधिकारियों की गलती के कारण अगर शहर के किसी भी नागरिक के साथ द्वेष पूर्ण कार्वाही हो रही है तो हम जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि हम जानता के साथ खड़े रहे और जानता की बात करें. रविशंकर मिश्रा ने कहा कि महापौर जी की तत्परता और जनभावनाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता ने हमें राहत दी है।

यह घटनाक्रम एक बार फिर साबित करता है कि महापौर भार्गव जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं और ज़मीनी हकीकत को समझते हुए तुरंत कार्रवाई करते हैं।



**क्या था पूरा मामला**

4 दिन पूर्व नगर निगम में कुर्की की कार्यवाही करवाने वाले बुजुर्ग रवि मिश्रा के घर, दुकानों, और बोरिंग को नगर निगम द्वारा कल सील कर दिया गया था। परिवार के खिलाफ की गई इस कार्यवाही के बाद आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव दिल्ली से आने के बाद सीधे गणेशगंज में पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे और भरोसा दिलाया कि जिस किसी भी अधिकारी ने यह बदले की भावना से कार्रवाई की है उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### पीयूष गोयल 13 अप्रैल को यशोभूमि में बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो - वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो – वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 – का उद्घाटन 13 अप्रैल 2025 को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन वैश्विक निर्माण और बुनियादी ढांचा उद्योग का एक ऐतिहासिक समागम होगा, जिसमें 27,000 वर्ग मीटर के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र में 250 से अधिक प्रदर्शक, 50,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 700 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रदर्शनी के लिए हाल ही में नई दिल्ली में एक पर्दा उठाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख हितधारकों और उद्योग के नेताओं ने भाग लिया। कैपेक्सिल में, हम निर्माताओं और निर्यातकों को दुनिया के सामने अपनी उत्कृष्टता दिखाने के लिए समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी मां नर्मदा साख सहकारी संस्था मर्या. निसरपुर जिला धार (म.प्र.)**

( पंजीयन क्रमांक 1612 दिनांक 17.08.2015 )

क्रमांक/नि.अधि./2025/03 दिनांक : 09.04.2025

:: निर्वाचन कार्यक्रम ::

एतद् द्वारा संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के आदेश क्रमांक/सह.नि.प्रा./निर्वाचन-3/2025/1693 दिनांक 25.03.2025 के पालन में प्रथम सदस्यता सूची का प्रकाशन की सूचना समस्त सदस्यों को प्रेषित कर दी गई हैं। सदस्यता सूची से संबंधित आपत्तियां दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 16.04.2025 तक संस्था प्रबंधक श्री दिनेश पाटीदार को संस्था कार्यालय मेन मार्केट निसरपुर में दोप. 11.00 बजे से 03.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियों का निराकरण दिनांक 17.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे से किया जावेगा। सर्व संबंधित सूचित हो।

( आर.आर. बघेल ) व.स.नि. एवं प्रशासक

( विजेन्द्र रूनवाल ) अंकेक्षण अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी, मां नर्मदा साख सहकारी संस्था मर्या. निसरपुर

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/वाहन शाखा/स्टोर/2025//6657 इन्दौर, दिनांक : 01/04/2025

:: किराए के वाहनों की आवश्यकता हेतु निविदा विज्ञप्ति ::

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु समय-समय पर लगने वाले ऑन कॉल एवं मासिक वाहनों की आवश्यकता हेतु निविदा एवं टेण्डर फॉर्म कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एम.टी.एच. कम्पाउण्ड, जिला-इन्दौर से समाचार पत्र में प्रकाशन दिनांक से 15 कार्य दिवस तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एम.टी.एच. कम्पाउण्ड, जिला-इन्दौर के नाम से रूपये 1000/- का भुगतान कर ऑनलाईन निविदा प्राप्त की जा सकती है।

निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। समस्त दस्तावेजों की हार्डकॉपी अंतिम तिथि से पहले भण्डार शाखा में जमा करावें।

निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्तें टेण्डर फॉर्म अनुसार रहेगी एवं टेण्डर को किसी भी स्थिति में निरस्त करने एवं आगे बढ़ाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा।

जी-11295/25

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-इन्दौर ( म.प्र. )


### सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों को गंभीरता से करें निराकृत : कलेक्टर

**इन्दौर, नप्र।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा है कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों को गंभीरता के साथ निर्धारित समय-सीमा में सकारात्मक रूप से निराकृत करें। आवेदनों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी। लापरवाही और उदासीनता बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आगामी सोमवार तक का समय देते हुए कहा कि अधिक से अधिक प्रकरण इस अवधि में निराकृत करें। आगामी मंगलवार को पुनः समीक्षा की जायेगी।

# प्रजा का हाल जानने निकलेंगे रामभक्त हनुमान

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** श्री रामभक्त हनुमान मंदिर सुभाष चौक पर हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ 9 अप्रैल को प्रात:काल में इक्यावन द्रव्यों के रुद्राभिषेक से हुई, सैकड़ों भक्तों ने तीन घंटे चले इस पवित्र अभिषेक के दर्शन किये और पुण्यलाभ लिया।

तत्पश्चात अखंड रामायण शुरू हुआ जिसकी पूर्णाहुति 10 अप्रैल को होगी।

मंदिर के मुख्य पुजारी श्री जीतू गुरु ने बताया की भक्त मंडल द्वारा चार दिवसीय इस उत्सव की उत्साह से तैयारी की जा रही हैं इस क्रम में 11 अप्रैल की प्रात: 6 बजे रामभक्त हनुमान प्रजा का हाल जानने निकलेंगे इस दौरान भक्तों की अर्जियां भी स्वीकार करेंगे , जो समुचित विधान से फलित की जाएगी। मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने भी पुनीत उद्देश्य से निकलने वाली इस शोभायात्रा पर खुशी जताई एवं शुभकामनाएं दी।





उन्होंने बताया मध्य शहर में बाबा का अद्वितीय भ्रमण होगा, जिसमें प्रमुख संतगण शामिल होंगे। इस प्रभात फेरी में शामिल विशेष वाद्य यंत्र, आकर्षक टोलिया, रंगारंग आतिशबाजी, प्रदेश के नामचीन अश्व, भगवान् का सुसज्जित रथ, भजन और कीर्तन मंडलिया वातावरण को ऊर्जा प्रदान करेगी। यह यात्रा सुभाषचौक से निकलकर, राजबाड़ा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाजखाना चौक, सीतलामाता बाजार, गोराकुंड, खजुरी बाजार होकर मंदिर प्रांगण पर पूर्ण होगी। मार्ग में पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिरों पर पूजन अर्चना भी होगी। जन्मोत्सव पर्व पर हर दिन हनुमान जी का विशेष श्रृंगार और आरती होगी। 12 अप्रेल को स्वर्ण श्रृंगार किया जाएगा , कांकड़ा आरती होगी और रात्रि में श्री हरिकिशन जी साबू भोपूजी की भजन संध्या होगी। दिन भर प्रसाद वितरण होगा। मंदिर प्रबंधन, सामाजिक और व्यावसायिक संगठन भक्तजनों से अधिसंख्य उपस्थिति के लिए सतत आग्रह कर रहे हैं और मनुहार यात्रा भी निकाली।





**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, इन्दौर (म.प्र.)**

(E-mail : jscjind@mp.gov.in, cjindore@gmail.com, Phone/Fax No. 0731-2540020

क्रमांक 338/निर्वाह/2025 इन्दौर, दिनांक : 07/04/2025

**अल्पकालिक ई-निविदा (द्वितीय) आमंत्रण सूचना**
**वित्तीय वर्ष 2025-26**

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अधीन केन्द्रीय जेल इन्दौर एवं जिला जेल- इन्दौर, लिये वर्ष 2025-26 में सर्जिकल सामग्री (मेडिकल) की आपूर्ति हेतु अल्पकालिक ई-निविदा 2025-26 (द्वितीय आमंत्रण) विज्ञप्ति निम्नानुसार जारी की जाती है :-

**निविदा कार्यक्रम का विवरण**

| क्रं. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 17/04/2025, प्रात: 11.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय में, जिस जेल हेतु निविदा प्रस्तुत की जाना है। |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 24/04/2025, सायं 05.00 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24/04/2025, सायं 05.00 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे। |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 25/04/2025, सायं 05.00 बजे तक | संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय में, जिस जेल हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है। |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 28/04/2025, दोपहर 01.00 बजे | संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय में, जिस जेल हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है। |

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल इन्दौर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। **केन्द्रीय जेल इन्दौर एवं जिला जेल इन्दौर से संबंधित संपूर्ण कार्यवाही अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर द्वारा की जावेगी।**

जी-11309/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल इन्दौर ( म.प्र. )

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18012025-260312
CG-DL-E-18012025-260312

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 264] नई दिल्ली, बुधवार, जनवरी 15, 2025/पौष 25, 1946
No. 264] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 15, 2025/PAUSHA 25, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2025

**का.आ. 266(अ).**—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. **526(अ) तारीख 05/02/2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के अलीराजपुर जिले में **NH-56** के कि.मी. 0+000 से 27+500 कि.मी. तक (जोबट-अम्बुआ-गुजरात बॉर्डर रोड) तक के निर्माण, (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"06 मार्च 2024"** को **"दैनिक भास्कर"** और **"विनय उजाला"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**मध्य प्रदेश राज्य के अलीराजपुर जिले में NH-56 के कि.मी. 0+000 से 27+500 कि.मी. तक (जोबट-अम्बुआ-गुजरात बॉर्डर रोड) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

जिला : अलीराजपुर
https://egazette.gov.in.
प्रकाशन दिनांक
https://egazette.gov.in....

जी-11318/25

"स्वच्छता ही सेवा"

[फा. सं. CE-RO BPL/30010/69/2023-24/3D2]
अभय जैन, निदेशक

# सम्पादकीय

## हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का औरंगजेब की कब्र से संबंधित बयान महत्त्वपूर्ण है और इसके विशिष्ट मायने भी हैं। उन्होंने कहा है कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी विवाद को उठाने की जबरिया कोशिश को निर्थक बताते हुए कहा है कि औरंगजेब की कब्र एक संरक्षित स्मारक है इसलिए इसे तोडने या हटाने का कोई अचित नहीं है, लेकिन औरंगजेब जैसे संप्रदायवादी कट्टर शासक का महिमामंडन सहन नहीं किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं है।अगर संघ प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता की ओर से इस तरह के बयान आते हैं तो वे अकारण नहीं है। संघ एक संजीदा, लक्ष्य बद्ध और दूरगामी संकल्पों वाला हिन्दू संगठन है जिसकी कार्यप्रणाली और वैचारिक अभिव्यक्ति में उच्छृंखलता, अभद्रता या मर्यादाविहीनता लक्षित नहीं होते। उसकी निष्ठा हिन्दुओं को विशेष लक्ष्य के प्रति सचेत बनाकर संगठनबद्ध करके भारतीय राष्ट्र के उस सांस्कृतिक ढांचे में डालना है जिसे वह राजनीतिक तौर पर भारतीय संस्कृति के नाम से अभिहित करता है।उसका एक बड़ा लक्ष्य भारतीय हिन्दुओं को क्षुद्र मतभेद भुलाकर विराट हिन्दू जाति के रूप में संगठित करना है जिससे उसे वांछित राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, लेकिन जब हिन्दुओं को संघ से इतर संगठन जिन्हें प्रायः संघ का अनुषांगिक संगठन कहा जाता है, अप्रत्याशित घटनाओं को अंजाम देते हैं, अनावश्यक विभाग खड़ा करते हैं। यानी नफरती बयान देते हैं तो ये तत्काल ही संघ की बदनामी का कारण बन जाते हैं और संघ की आलोचनाओं के घेरे में आ जाता है जिससे उसके भविष्यगामी उद्देश्य में बाधा पहुंचती है।इसलिए संघ चाहता है कि हिन्दू संगठन या हिन्दू समूह ऐसे विवादों को जन्म न दें जिससे सामाजिक या सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ता हो, कानूनी संकट खड़ा होता हो और इन्हें लेकर संघ या भाजपा को सफाई देनी पड़ती हो। संघ इसीलिए समय-समय पर फुटकर हिन्दू समूहों की आलोचना करता है। वैसे भी यह संघ की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस तरह के समूहों को नियंत्रण में रखे और उन्हें कानून-व्यवस्था विरोधी तत्वों के रूप में उभरने न दे।

## सुविचार

जीवन की सुगंध का आनंद वहीं ले सकता है,
जो खिलने और बिखरने वाले पलों के बीच
महक जाने की काबिलियत रखता हो।

**- ताहिर अली, भोपाल**

हिम्मत हो तो शेर से लड़ जाते है, लेकिन
कायर पत्तों की आवाज से भी डर जाते हैं ।

**- हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास**

जो कपड़ा रंग छोड़े उसे तन से उतार दो और
जो इंसान रंग बदले उसे दिल से उतार दो।

**- संजीव तिवारी, इंदौर**

कोई अगर आपके अच्छे कार्य पर संदेह
करता है, तो करने देना क्योंकि शक सदा सोने की
शुद्धता पर किया जाता है, कोयले की कालिख पर नहीं।

**- वैभव मिश्रा, इंदौर**

किसी में कमी दिखाई दें, तो उसे समझाइये,
सब में कमी दिखाई दें, तो खुद को समझाइये।

**- डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

## रमेश्वरम रेलवे स्टेशन से ट्रेन सेवा का पुनः प्रारंभ



**रतलाम, ( विनय उजाला )।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेन संख्या 20497/20498 रामेश्वरम - फिरोजपुर एक्सप्रेस की सेवा तत्काल प्रभाव से रामेश्वरम स्टेशन से प्रारंभ कर दी गई है। ट्रेन संख्या 20498 फिरोजपुर - रामेश्वरम एक्सप्रेस मण्डपम स्टेशन पर 20:19 बजे पहुंचेगी एवं 20:20 बजे प्रस्थान करेगी, तथा इसके पश्चात 20:35 बजे रामेश्वरम स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 20497 रामेश्वरम - फिरोजपुर एक्सप्रेस रात्रि 22:50 बजे रामेश्वरम स्टेशन से प्रस्थान करेगी एवं मण्डपम स्टेशन पर 23:09 बजे पहुंचेगी तथा 23:10 बजे प्रस्थान करेगी। मंडपम रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त दोनों ट्रेनों का ठहराव 06 जून 2025 तक दिया गया है । ट्रेनों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## मुंबई सेंट्रल - नई दिल्ली दूरंतो एक्सप्रेस का हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन पर ठहराव

**रतलाम, ( विनय उजाला )।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेन संख्या 22209, मुंबई सेंट्रल - नई दिल्ली दूरंतो एक्सप्रेस को अब हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ठहराव तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा 30 जून 2025 तक मान्य रहेगा। यह ट्रेन हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन पर दोपहर 15:34 बजे पहुंचेगी और 15:36 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेनों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## दक्षिण मध्य रेलवे मे ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल की ट्रेनें प्रभावित

विनय उजाला





**रतलाम।** दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में बल्हारशाह से काज़ीपेट खंड के अंतर्गत स्थित रेचनी रोड से बेल्लमपल्ली स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन के कमीशनिंग के कार्य के तहत प्रस्तावित ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित होगी, प्रभावित ट्रेनें का विवरण निम्नानुसार है:- 09 एवं 16 जून 2025 को इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 22645 इंदौर - कोच्चुवेली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 07 एवं 14 जून 2025 को कोच्चुवेली से चलने वाली ट्रेन संख्या 22646 कोच्चुवेली - इंदौर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 12, 14 एवं 19 जून 2025 को मैसूरु से चलने वाली ट्रेन संख्या 12975 मैसूरु - जयपुर एक्सप्रेस बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रुकेगी। 16 एवं 18 जून 2025 को जयपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12976 जयपुर - मैसूरु एक्सप्रेस बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

17 जून 2025 को जयपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12970 जयपुर - कोयम्बटूर एक्सप्रेस बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रुकेगी। ट्रेनों के संबंध में अद्यतन जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

ट्रंप ने पहले श्वेत राष्ट्रवादी अमरीकी मतदाताओं को और अब आम अमरीकियों को भरमाने के लिए अमरीका को लूटा जा रहा है का नैरेटिव रचा है क्योंकि नौकरियां अमरीका से बाहर जा रही हैं। लेकिन इनका बाहर जाना अमरीकी कंपनियों का ही मुनाफ़ा आधारित फैसला था,ताकि उन्हें दूसरे देशों के सस्ते श्रम से ज्यादा फायदा हो ।

# घाघ ट्रंप झुनझुना बजाए लुट जाने की झूठी कहानी सुनाए

लोकमित्र गौतम



दैनिक विनय उजाला



ये रोना अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का है। उनके द्वारा हाल के दिनों में बार बार दुहराए गए ये कुछ ऐसे सदाबहार जुमले हैं, जो उनके आलोचकों को तो छोड़िये अब आम लोगों को भी रट गये हैं। अपनी सनकी हरकतों के कारण विश्व अर्थव्यवस्था को संकट में डाल देने वाले डोनाल्ड ट्रंप अपने बचाव के लिए विक्टीम कार्ड खेलने पर उतर आये हैं। अमेरिकी जनता और अपने समर्थकों को बरगलाने के लिए ट्रंप प्रपंच रच रहे हैं कि मौजूदा विश्व व्यवस्था ने अमरीका को खूब लूटा है। जबकि सच्चाई इसके उलट है। हाल के सालों या दशकों की तो छोड़िये इतिहास के किसी भी दौर में ऐसी कोई विश्व व्यापार व्यवस्था नहीं रही है, जिसमें दुनिया ने अमेरिका को लूटा हो या अमेरिका लुटा हो? उल्टे हकीकत यह है कि विश्व व्यापार व्यवस्था में हमेशा अमेरिका ने ही दुनिया को लूटा है। मौजूदा विश्व व्यापार व्यवस्था का भी अमरीका ही सबसे ज़्यादा लाभ उठाने वाला देश रहा है। यह किसी धारणा या नजरिये की बात नहीं है बल्कि द्वतीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यापार के मौजूद तथ्यों की हकीकत है। हम सब जानते हैं कि दूसरे विश्व युद्ध में हिटलर की नाजी सेना को भले निर्णायक रूप से तत्कालीन सोवियत संघ की लाल फ़ौज ने हराया हो,लेकिन द्वतीय विश्व युद्ध के बाद विजेता देश होने का सबसे ज्यादा गौरव और फायदा तो अमरीका ने ही उठाया है।

द्वतीय विश्व युद्ध के बाद से दुनिया में लगातार अमेरिका का दबदबा रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनियावी अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए बनीं ब्रेटन वुड्स संस्थाओं आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक पर हमेशा अमरीका का ही दबदबा रहा है। द्वतीय विश्व युद्ध के बाद डॉलर को ग्लोबल रिज़र्व करेंसी बनाया गया — इसका नतीजा ये हुआ कि दुनियाभर में ज्यादातर व्यापार डॉलर में होने लगा। इससे अमेरिका को ये फायदा मिला कि वह अपनी मुद्रा छापकर भी विश्व व्यापार कर सकता था।

इसके बाद भी अगर आज ट्रंप व्यापार घाटे का रोना रो रहे हैं, अपने देश के लूटे जाने की शिकायतें कर रहे हैं तो इसका आधार यह है कि 1980 के बाद से अमेरिका को चीन, जापान, और जर्मनी जैसे देशों के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया। मतलब यह कि अमेरिका ने इनसे खरीदा ज़्यादा और इन्हें बेचा कम। लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि अमरीका को लूटा गया। उल्टे यह व्यवस्था अमरीकी कंपनियों ने खुद रची। सस्ता माल, सस्ती लेबर और भारी मुनाफा के लिए वास्तव में इन देशों में पूंजी का निवेश अमरीकी कंपनियों ने किया और अमरीका को ज्यादा बेंचकर किसी और देश ने नहीं बल्कि इन देशों में मौजूद इन्हीं अमरीकी कंपनियों ने कमाया।

उदाहरण के लिए एप्पल के आईफोन चीन में बनते हैं;क्योंकि वहां मैन्युफैक्चरिंग बहुत सस्ती है,लेकिन 60 फीसदी से ज्यादा प्रॉफिट तो अमरीकी कंपनी एप्पल को ही जाता है। फिर कैसे अमेरिका को लूटा गया? वास्तव में यह एक —राजनैतिक बयान है,जिसे ट्रंप जैसे चालाक राजनेता ने गढ़ा है। खासकर चीन के खिलाफ।

जबकि यह एकतरफा और अधूरी व्याख्या है। ट्रंप ने पहले श्वेत राष्ट्रवादी अमरीकी मतदाताओं को और अब आम अमरीकियों को भरमाने के लिए अमरीका को लूटा जा रहा है का नैरेटिव रचा है क्योंकि नौकरियां अमरीका से बाहर जा रही हैं। लेकिन इनका बाहर जाना अमरीकी कंपनियों का ही मुनाफ़ा आधारित फैसला था,ताकि उन्हें दूसरे देशों के सस्ते श्रम से ज्यादा फायदा हो । ऐसे में अमरीकी कंपनियों के जिस मुनाफे के लालच वाले फैसले से अमरीकी राष्ट्रवाद को शर्मसार होना चाहिए ट्रंप चालाकी से उसे ही आक्रामक आरोप बनाकर दुनिया को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

ट्रंप रोना रो रहे हैं कि भूमंडलीकरण के चलते अमरीका को लूटा गया है जबकि उल्टे हकीकत यह है कि भूमंडलीकरण का सबसे ज्यादा लाभ अमरीकी अर्थव्यवस्था ने ही उठाया है। सन 1970 के बाद से पूरी दुनिया में व्यापार डॉलर में होने लगा। तेल, सोना, वस्त्र, चिप्स— सबका दाम डॉलर में तय होता रहा। मतलब साफ़ है अमेरिका डॉलर छाप सकता है और दुनिया उस डॉलर से सामान खरीदती-बेचती है। अमेरिका को दुनियाभर के देशों से हर तरह की वस्तुएं मिलती हैं और बदले में वह केवल अपनी मुद्रा देता है। यह भूमंडलीकरण का ही फायदा है कि आज अमरीका में एप्पल,गूगल,माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी भूमंडलीय कम्पनियां हैं जो दुनिया के कोने कोने से मुजाफा वसूलकर अमेरिका पहुंचा रही हैं। इन्हीं अमरीकी कंपनियों ने सस्ते श्रमिकों वाले देशों जैसे चीन, भारत, वियतनाम आदि में मैन्यूफैक्चरिंग कराई और भारी मुनाफा कमाया।

- **चीन हमें लूट रहा है। यह हमारी टेक्नोलाजी चुराता है। अपनी मुद्रा की कीमत को जानबूझकर कम रखता है ताकि उसके उत्पाद सस्ते रहें। इस तरह अमेरिका को हर साल सैकड़ों अरब डॉलर का चूना लगाता है।**
- **इंडिया इज अ टैरिफ किंग। अमेरिकी प्रोडक्ट पर बहुत ऊंचा आयात शुल्क लगाता है,जबकि हम भारतीय उत्पाद लगभग बिना कोई आयात शुल्क लगाए लेते हैं। इंडियाज ट्रेड बैरियर्स आर टू हाई।**
- **डब्लूटीओ हमें बेइंसाफी से ट्रीट करता है। नाटो देश हमें लूट रहे हैं। जर्मनी और जापान हम पर हंसते हैं। ग्लोबलाइजेशन से हमें सिर्फ नुकसान हुआ है।**

फाइनेंस और टेक सेक्टर में अमरीका का एकाधिकार है और विश्व वित्तीय व्यवस्था में वालस्ट्रीट के बिना पत्ता नहीं हिलता तो लाभार्थी कौन हुआ ? आईएमएफ़ और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाओं में निर्णायक वोट पॉवर तो अमरीका के पास ही हैं । अगर ऐसा न होता तो जब दुनिया के गरीब देश आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेते हैं तो अमरीका इन देशों में निजीकरण, मुक्त बाजार, आदि की शर्तें न थोपता।

ट्रंप अमरीका के लूटे जाने का रोना रो रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि पूरी दुनिया के टैलेंट की लूट तो अमरीका ने की है। आज अमरीका टेक्नो टैलेंट का जो हब बना बैठा है वह ब्रेन गेन - का नतीजा है। भारत, चीन, रूस जैसे देशों के प्रतिभाशाली इंजीनियर, वैज्ञानिक, डॉक्टर अमेरिका गए और फिर वहीं के हो के रह गये । अमेरिका को फ्री में टैलेंट मिल गया, बिना उन्हें पढ़ाने या प्रशिक्षित करने का खर्च उठाये। सिलिकॉन वैली वास्तव टैलेंट लूट का हब है।

इसके बावजूद भी अगर अमरीका विक्टीम कार्ड खेल रहा है तो इसकी वजह यह है कि वह चीन की आर्थिक ताकत से डर गया है। चीन ने भूमंडलीकरण के मैदान में अमेरिका को पछाड़ दिया है। चीन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। अब अमेरिका को लगता है कि वह सामान बना नहीं रहा, सिर्फ खरीद रहा है। इसीलिए चिढ़कर ट्रंप कह रहे हैं, 'चाइना इज ईटिंग अवर लंच' अमेरिका के पुराने औद्योगिक क्षेत्र जैसे मिशिगन, ओहायो में आज फैक्ट्रियां बंद पड़ी हैं क्योंकि इनके मालिक अपनी फैक्ट्रियों को चीन, और मेक्सिको लेकर चले गये हैं।इसलिए यह बेईमानी अमरीकी उद्योगपतियों की है। लेकिन ट्रंप इसे भूमंडलीकरण की साजिश बताकर राजनीतिक फायदा उठा रहे हैं ।

अमेरिका हर साल चीन से बहुत कुछ खरीदता है, लेकिन बेचता कम है — इसे घाटा बताकर लूटा जा रहा है की बात कही जाती है।यह सरलीकरण है। जबकि सच्चाई यह है कि अमेरिकी उपभोक्ता सस्ता चीनी माल पसंद करते हैं। दरअसल हमें लूटा गया— ट्रंप जैसे चालाक नेताओं के इस नैरेटिव से गरीब, गुस्से में बैठे श्वेत मज़दूर वर्ग को एक दुश्मन दिखाया जाता है— जो चीन, प्रवासी, या ग्लोबलाइजेशन होता है। जबकि सच्चाई यह है कि भूमंडलीकरण का वास्तविक लाभार्थी अमेरिका ही रहा है — उसने दुनिया के संसाधन, श्रमिक, पूँजी और टैलेंट को अपने लिए इस्तेमाल किया। लेकिन जब चीन जैसे देश तेज़ी से बढ़े और अमेरिका के कुछ वर्ग पीछे छूटे, तो अमेरिका ने खुद को पीड़ित बताने की भूमिका गढ़ ली — यह राजनीतिक और भावनात्मक रणनीति है, न कि आर्थिक सच्चाई।

**[ लेखक विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में वरिष्ठ संपादक हैं ]**

## जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर, भगवान महावीर स्वामी



जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म ईसापूर्व 599 में वैशाली के समीप कुंडग्राम में हुआ था। महावीर स्वामी का वास्तविक नाम वर्धमान था। महावीर स्वामी युवावस्था की 30 वर्ष की आयु में ही गृहत्याग कर तपस्या के लिए चले गए थे।उनको 42 वर्ष की आयु में केवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ। भगवान महावीर स्वामी के अनुयाई में राजा बिंबिसार, कुणिक.चेटक प्रमुख थे।जैन ग्रंथों के अनुसार धर्म तीर्थ के प्रवर्तन के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है जो सभी जीवो को आत्मिक सुख प्राप्ति का उपाय बताते हैं। भगवान महावीर स्वामी अवसर्पिणी काल के चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर थे।उन्होंने दुनिया को सत्य अहिंसा का पाठ पढ़ाया। दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत अहिंसा सत्य अपरिग्रह, अस्तेय ब्रह्मचर्य का ज्ञान दिया। अनेकांतवाद श्यादवाद और अपरिग्रह जैसे महाव्रती सिद्धांत दिए। महावीर स्वामी के सर्वोदयी तीर्थों में क्षेत्र काल समय जाति की सीमाएं नहीं थी।महावीर स्वामी का जियो और जीने दो का सिद्धांत आज भी वंदनीय है। इक्ष्वाकु वंश क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहां जन्म के बाद भी उन्होंने संन्यास को अपनाया और समाज को नई दिशा प्रदान की। भगवान महावीर ने जिनकल्पी श्रवण की कठिन चर्या को अंगीकार किया। साधना काल के समय उन्होंने कठोर तपस्या की और मौन रहे। भगवान महावीर स्वामी जीवन भर केवल ज्ञान की प्राप्ति के लिए उपदेश देते रहे। महावीर स्वामी के11 गणधर थे। जिनमें प्रथम इंद्रभूति थे। वे अहिंसा के परम उपासक थे, वे केवल वध ही नहीं वरन मन में किसी के प्रति बुरा विचार को भी हिंसा मानते थे। भगवान महावीर ने आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति के लिए अहिंसा धर्म का उपदेश दिया। भगवान महावीर स्वामी को वीर, अतिवीर, सन्मति भी कहा जाता है।527 ईसा पूर्व 72 वर्ष की आयु में कार्तिक कृष्ण अमावस्या को उनका पावापुरी में महानिर्माण हुआ। जहां आज एक जल मंदिर भी स्थित है।

दैनिक विनय उजाला

**डॉ विजय पाटिल**
**शिक्षक सह साहित्यकार**
**सेंधवा जिला बड़वानी मप्र**

## जिन्होंने आत्मा की मुक्ति का मार्ग दिखलाया...

समस्त जगत में जैन धर्म का झंडा लहराया...

जन जन को जिनवाणी से अवगत कराया...

ऐसे तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव हैं आया...!!

प्रभु महावीर ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा, सत्य, परहित, त्याग, तपस्या,जियो और जीनी दो जैसे संदेशों को हैं दिया...

जिनकी जिनवाणी को अपनाकर समग्र समाज के लोगों ने आंतरिक शांति और खुशहाल जीवन को हैं जिया...

जिनकी कृपा से क्रोध, मान, माया, लोभ जैसे आदि कषायों पर हो पाई मानव की जीत...

ऐसे तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी से अब और भी बढ़ानी हैं हमको अनोखी प्रीत...!!

प्रभु से जुड़कर प्रभु के सिद्धांतों को अपनाने का भावी पीढ़ी में उत्साह और जुनून जगाना हैं...

आधुनिकता की होड़ और नैतिक पतन से अंधकार की और जाने वाले मार्ग से हमें खुद को और हमारे अपनों के साथ साथ हर जैनी को बचाना हैं...

त्याग, समर्पण,अहिंसा, मैत्री, परोपकार जैसी खूबसूरत सोच और व्यवहार का दीप घर घर में रोशन करवाना हैं...

बढ़ते सूक्ष्म परिवार,बढ़ते वृद्धाश्रम, बढ़ते अंतर्जातीय विवाह पर अब कमर कस कर रोक लगाना हैं...!!

ये हैं बड़ा ही चिंतनीय विषय कि जैन होकर भी खो रहे हैं हम अपने ही जैन होने की निशानी...

अगर अब भी न संभले तो हमारी भावी पीढ़ी को होगी इसकी बहुत ही महंगी और गहरी कीमत चुकानी...

शुरुआत इसकी हमको खुद अपने ही आप और अपने ही घर परिवार से करनी होगी...

सिखलाया जो तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी ने, उनकी हर एक सीख को अमर और अमल करनी होगी...!!

जागो जैन समाज के नव युवाओं तुम्हें अब खुद अपने समाज की रक्षा का प्रण लेना होगा...

अपने अंदर सोए जैनत्व को जगाकर, अपने आने वाले कल को सुरक्षित करना होगा...

वर्तमान में तीर्थंकर महावीर की जिनवाणी को व्यवहारिक जीवन में अनुसरण करने की अतिआवश्यकता हैं ये जन जन को समझना होगा...

युगों युगों तक सही मायने में तभी महावीर जन्मकल्याणक मनाना सफल होगा...!!

हां, युगों युगों तक सही मायने में तभी महावीर जन्मकल्याणक मनाना सफल होगा...!!

।। आप सभी को प्रभु महावीर जन्मकल्याणक की अनेकानेक शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाईयां।।



**ममता रितेश कोठारी**
**( रितममता )**
**इंदौर ( मप्र )**

दैनिक विनय उजाला

# पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैंपियनशिप - भारत का अग्रणी रेसिंग प्लेटफॉर्म - मई 2025 से चयन ट्रायल शुरू करेगा

**राइडर्स कई श्रेणियों में भाग लेंगे - टीवीएस यंग मीडिया रेसर प्रोग्राम (वाईएमआरपी), टीवीएस महिला ओएमसी, टीवीएस रूकी ओएमसी और टीवीएस आरआर310 ओएमसी**

विनय उजाला

**बैंगलोर। टीवीएस मोटर कंपनी ( टीवीएसएम ) - एक अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता जो दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में काम करती है - ने आज पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैंपियनशिप, 2025 सीज़न के शुभारंभ की घोषणा की। चयन ट्रायल 9 मई से 11 मई, 2025 के बीच मद्रास इंटरनेशनल सर्किट ( एमआईसी ) में कई श्रेणियों - टीवीएस वाईएमआरपी ( यंग मीडिया रेसर प्रोग्राम ), टीवीएस महिला ओएमसी, टीवीएस रूकी ओएमसी और टीवीएस आरआर 310 ओएमसी के लिए आयोजित किए जाएंगे।**

पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैम्पियनशिप देश के प्रमुख रेसिंग प्लेटफार्मों में से एक है और यह उभरती प्रतिभाओं की खोज और प्रशिक्षण के माध्यम से भारत के मोटरस्पोर्ट परिदृश्य को आकार दे रहा है। यह चैंपियनशिप विशेषज्ञ मार्गदर्शन और राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करती है, 1994 में अपनी स्थापना के बाद से, 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने टीवीएस इंडिया ओएमसी में प्रतिस्पर्धा की है, जिससे प्रतिभा विकास में टीवीएस रेसिंग की अग्रणी स्थिति मजबूत हुई है।





### टीवीएस वन मेक चैम्पियनशिप - कैटेगरी ओवरव्यू

टीवीएस रूकी ओएमसी ( 2022 में लॉन्च ) : युवा और महत्वाकांक्षी रेसर्स के लिए प्रवेश बिंदु के रूप में डिज़ाइन की गई, रूकी श्रेणी सवारों को रेस-स्पेक टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 मोटरसाइकिलों पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की अनुमति देती है।इसके शुभारंभ के बाद से, 100 से अधिक सवारियों को इस पहल से लाभ मिला है।

टीवीएस आरआर 310 ओएमसी ( 2018 में लॉन्च ) : अनुभवी रेसर्स के लिए डिज़ाइन की गई, इस श्रेणी में उच्च प्रदर्शन वाली टीवीएस अपाचे आरआर 310 रेस बाइक शामिल है।इस कार्यक्रम में 300 से अधिक रेसर्स ने भाग लिया है, जिनमें से कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आगे बढ़े हैं।

टीवीएस यंग मीडिया रेसर प्रोग्राम (वाईएमआरपी) : 2017 में लॉन्च किया गया, वाईएमआरपी युवा ऑटोमोटिव और मोटरस्पोर्ट्स पत्रकारों के साथ-साथ प्रभावशाली लोगों को प्रत्यक्ष रेसिंग अनुभव प्रदान करता है।प्रतिभागियों को रेस-स्पेक टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी मोटरसाइकिलों पर प्रतिस्पर्धा करने से पहले सिद्धांत और अभ्यास दोनों को शामिल करते हुए कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है।यह पहल उनके राइडिंग कौशल को निखारती है, मोटरस्पोर्ट्स के बारे में उनकी समझ को बढ़ाती है, और मीडिया समुदाय के भीतर प्रतिभा को पोषित करने के लिए टीवीएस रेसिंग की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

टीवीएस वीमेंस ओएमसी ( 2016 में लॉन्च ) : टीवीएस रेसिंग महिलाओं के लिए एक विशेष रेसिंग प्लेटफॉर्म पेश करने वाली पहली भारतीय निर्माता बन गई, जिसने मोटरस्पोर्ट्स में लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा दिया।500 से अधिक प्रशिक्षित सवारों के साथ, यह पहल विशेषज्ञ कोचिंग और रेस-प्रीपेड टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 मोटरसाइकिल प्रदान करती है।

प्राचीनता को आधुनिकता से जोड़ने की पहल

# भारत की पहचान को सशक्त बनाने में जैन धर्म की भूमिका अमूल्यः मोदी

नई दिल्ली, (एजेंसी)




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की पहचान को सशक्त बनाने में जैन धर्म की भूमिका अमूल्य रही है। इस अनमोल विरासत को सहेजने को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हमारे लोकतंत्र के मंदिर नई संसद में भी हर ओर दिखाई देती है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम की अहमियत को रेखांकित किया और कहा, इसके माध्यम से शांति, आध्यात्मिक जागृति और सार्वभौमिक सद्भाव को बढ़ावा देने का सौभाग्य मिला।**

### पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों से निपटने का आह्वान

बकौल पीएम मोदी, हमारी नई पीढ़ी को नई दिशा मिले और समाज में शांति, सद्भाव और करुणा बढ़े, इसके लिए हमें इन 9 संकल्पों को अपने जीवन में अपनाना होगा। उन्होंने पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों से निपटने का आह्वान करते हुए कहा कि टिकाऊ जीवनशैली ही एकमात्र उपाय है।

### संसद में दिखती है जैन धर्म की अहमियत

जैन धर्म से जुड़े प्रतीकों का देश की संसद में उपयोग किए जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र के मंदिर नए संसद भवन में जैन धर्म का प्रभाव देखा जा सकता है...लोकसभा के प्रवेश द्वार पर तीर्थंकर की प्रतिमा है। यह प्रतिमा ऑस्ट्रेलिया से वापस लाई गई है...दक्षिणी भवन की दीवारों पर सभी 24 तीर्थंकरों को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान गैलरी की छत पर भगवान महावीर की अद्भुत पेंटिंग है।

### 108 से अधिक देशों के लोग शामिल हुए

गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते सोमवार अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिये लोगों से नवकार महामंत्र दिवस में हिस्सा लेने का आह्वान किया था। खबरों के मुताबिक 100 से अधिक देशों के लोग इसमें शामिल होकर वैश्विक शांति, एकता और आध्यात्मिक जागृति के मंत्रोच्चार के साक्षी बने। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नवकार महामंत्र दिवस एक वैश्विक पहल है, जिसमें 108 से अधिक देशों के लोग भाग लेंगे। इसका उद्देश्य शांति, आध्यात्मिक जागरूकता और सार्वभौमिक सद्भाव को बढ़ावा देना है।

### भारत में जैन धर्म की अतुल्य भूमिका

पीएम मोदी ने विश्व कल्याण का जिक्र करते हुए जैन धर्म के दर्शनों के अलग-अलग पहलुओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जैन धर्म जितना वैज्ञानिक है, उतना ही संवेदनशील भी। युद्ध, आतंकवाद और पर्यावरण की चुनौतियों का हल भी इसके मूल सिद्धांतों में समाहित है। भारत की पहचान में जैन धर्म की अतुल्य भूमिका को रेखांकित करने के अलावा प्रधानमंत्री ने सरकार की तरफ से होने वाले प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हम ज्ञान भारतम मिशन शुरू करने जा रहे हैं। इसके तहत हमारा संकल्प प्राचीन धरोहरों को डिजिटल करके प्राचीनता को आधुनिकता से जोड़ने का है।

### नवकार महामंत्र समाज को राह दिखाता है...

बकौल पीएम मोदी, नवकार महामंत्र सही मायने में ध्यान, साधना और आत्मशुद्धि का मंत्र है। यह हमारी आस्था का केंद्र है। इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है, बल्कि ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है। बुधवार के आयोजन के दौरान जैन धर्म के सबसे पूज्य और सार्वभौमिक मंत्र नवकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के दौरान विश्व कल्याण की कामना की गई।

## योगी सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया

**लखनऊ।** यूपी की योगी सकार ने बुधवार को राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते पर बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बढ़ोतरी का फायदा यूपी के 16 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को होगा। राज्य कर्मचारियों को अभी तक मूल वेतन का 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता था। इसे दो प्रतिशत बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2025 से ही लागू होगी। ऐसे में तीन महीने का एरियर भी कर्मचारियों को मिलेगा।

महंगाई भत्ता बढ़ोतरी को लेकर योगी सरकार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा सातवें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में कर्मचारियों को एक जनवरी से से मूल वेतन का 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता का देने का निर्णय लिया गया है। इसी परीपेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा अनुमन्य दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान उसी तिथि से किया जाता है जिस तिथि से भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को अनुमन्य किया जाता है। अभी राज्य सरकार के कर्मचारियों को 53 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है।

भारत सरकार के फैसले के क्रम में राज्य कर्मचारियों को भी अभी प्राप्त हो रहे महंगाई भत्ता की 53 प्रतिशत की दर को एक जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत किया जाता है। आदेश में कहा गया है कि महंगाई भत्ता बढ़ाने का फायदा राज्य कर्मचारियों के साथ ही सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित और पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मचारी और यूजीसी वेतनमानों में कार्यरत कर्मचारी को होगा। ऐसे में 16 लाख से अधिक कर्मचारियों को इसका फायदा होगा।

मिजोरम के सीएम बोले-

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी बड़ी समस्या



नई दिल्ली, (एजेंसी)

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा है कि मिजोरम एक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से नशीले पदार्थों की तस्करी एक बड़ी समस्या है। इसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। यह बात उन्होंने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निदेशक जनरल अनुराग गर्ग से अपने कार्यालय में मुलाकात के दौरान कही। बैठक में उन्होंने मिजोरम में बढ़ते नशीले पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

इस बैठक में मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रवेश को रोकने के लिए प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उन उपायों पर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है, जिससे तस्करी को रोका जा सकता है। हर पहलु पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में ड्रग तस्करी को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और पर्याप्त मानव संसाधन की महत्ता पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की ओर से केंद्रीय सरकार और गृह मंत्रालय के तहत मिजो टेरिटोरियल आर्मी स्थापित करने के लिए अपील की है।

## तेजस्वी यादव समेत तीन को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

पटना, (एजेंसी)

बिहार के मुजफ्फरपुर की अदालत ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री और वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी, और उनके भाई संतोष सहनी के खिलाफ नोटिस जारी किया है। मुजफ्फरपुर की एडीजे प्रथम की अदालत ने इन तीनों नेताओं के खिलाफ सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है और सभी को 6 मई 2025 को सुबह 10:30 बजे व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया है। इस मामले की जानकारी भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दी है। यह मामला भारतीय सार्थक पार्टी को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए चुनाव चिह्न नाव के कथित दुरुपयोग से जुड़ा हुआ है।

### अदालत में क्रिमिनल रिवीजन वाद दायर

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने उक्त परिवाद को खारिज कर दिया था, जिसके बाद सुधीर कुमार ओझा ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में क्रिमिनल रिवीजन वाद दायर किया। इसे सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया है। याचिकाकर्ता सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि चुनाव के दौरान इन नेताओं द्वारा चुनाव आयोग द्वारा उनकी पार्टी को दिए गए चुनाव चिह्न का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसी को लेकर उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। अब इस रिवीजनल पेटिशन के मामले में एडीजे कोर्ट ने इन नेताओं को नोटिस जारी करते हुए 6 मई 2025 को उपस्थित होने का आदेश दिया है। इधर, इस नोटिस ने बिहार के सियासी गलियारे में हड़कंप मचा दिया है।

**चुनाव चिह्न नाव का गलत तरीके से उपयोग...** भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने 18 अप्रैल 2024 को मुजफ्फरपुर की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद दायर किया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी और संतोष सहनी ने भारतीय सार्थक पार्टी के चुनाव चिह्न नाव का गलत तरीके से उपयोग किया। परिवाद के अनुसार, इन नेताओं ने चुनाव चिह्न को वापस करने का दबाव बनाया और इनकार करने पर भी लोकसभा चुनाव 2024 में इसे महागठबंधन के प्रचार में इस्तेमाल किया।

## महंगाई भौजाई लगती है, तो आप भाजपा को वोट दीजिए : तेजस्वी

पटना, (एजेंसी)



बिहार में कुछ ही महीनों में विधान सभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर अभी से ही बयानबाजी और जुबानी हमले होने लगे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज कुछ ऐसा बोला जो आज चर्चा का विषय बन गया है। तेजस्वी यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर महंगाई भौजाई लगती है, तो भाजपा को वोट दीजिए।

तेजस्वी यादव ने बुधवार को गोपालगंज में भाजपा और नीतीश कुमार दोनों पर जमकर जुबानी हमला किया। उन्होंने जनता से कहा कि अगर महंगाई चाहिए तो भाजपा को वोट दीजिए।

अगर बेरोजगारी चाहिए तो भाजपा को वोट दीजिए। अगर पलायन चाहिए तो भाजपा को वोट दीजिए। अगर गरीबी चाहिए तो भाजपा को वोट दीजिए। तेजस्वी यादव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही जनता को भूल जाते हैं।

आंध्र-तमिलनाडु को भी मिली बड़ी सौगात

# कैबिनेट से जीरकपुर बायपास और पीएमकेएसवाय की उप-योजना मंजूर

नई दिल्ली, (एजेंसी)

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बायपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है। इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने जीरकपुर बायपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है।

**जीरकपुर बायपास के निर्माण को मंजूरी...** वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बायपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है। वर्तमान प्रस्ताव का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना और एनएच-एल, एनएच-झेड, एनएच-वीझेडडब्ल्यू के भीड़भाड़ वाले शहरी खंड में परेशानी मुक्त यातायात सुनिश्चित करना है।

**पीएमकेएसवाई उप-योजना को मंजूरी...** कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है। वैष्णव ने बताया कि इसका आरंभिक कुल परिव्यय 1600 करोड़ रुपये होगा।



### रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी

दक्षिण भारत से जुड़ी विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए, वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी कुल लागत 1332 करोड़ रुपये होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

जयंती विशेष

दैनिक विनय उजाला

# करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं भगवान महावीर

जैन धर्म में महावीर जयंती प्रमुख पर्वों में से एक माना जाता है। यह पर्व भगवान महावीर स्वामी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो कि जैन धर्म के 24वें तीर्थकार थे। इस साल महावीर जयंती हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन मनाई जाती है और इस साल यह तिथि 10 अप्रैल, गुरुवार के दिन पड़ रही है। ऐसे में इस महावीर जयंती 10 अप्रैल को मनाई जाएगी।

बता दें कि महावीर स्वामी ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण व नैतिकता पूर्ण उपदेश दिए हैं। उन्होंने अपने उद्देश्यों के माध्यम से हमेशा ही समाज को नैतिकता का पाठ पढ़ाया और हमेशा करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ऐसे में आइए महावीर जयंती के मौके पर उनके जीवन से जुड़ी 10 अहम व महत्वपूर्ण बातों को जानते हैं।

### धार्मिक महत्व

महावीर स्वामी ने अपने जीवन काल में अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इन पांच सिद्धांतों को पंच महाव्रत कहा जाता है, जो जैन धर्म की नींव हैं। भगवान महावीर के उपदेश आज भी इंसान को आत्मानुशासन, संयम और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। महावीर जयंती के दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा, ध्यान, और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किए जाता है। इस अवसर पर शोभायात्राएं भी निकाली जाती हैं, जिनमें भगवान महावीर की मूर्ति को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाता है। महावीर जयंती पर श्रद्धालु उपवास भी रखते हैं और जैन ग्रंथों का पाठ करते हैं। इसके साथ ही अहिंसा और शाकाहार को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। महावीर जयंती न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह मानवता, शांति और नैतिक जीवन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### कब हुआ महावीर स्वामी का जन्म

भगवान महावीर स्वामी का जन्म चैत्र शुक्ल तेरस के दिन राजा सिद्धार्थ के घर हुआ था। उनकी माता का नाम त्रिशाला था, जिन्हें प्रियकारीनी भी कहा जाता है। भगवान महावीर का जन्म कुंडग्राम में हुआ, जो वर्तमान में बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में स्थित है।

### 30 वर्ष की आयु में छोड़ा संसार

भगवान महावीर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। उनका जन्म लगभग ढाई हजार साल पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व) में हुआ था। महावीर ने तीस वर्ष की आयु में संसारिक सुखों को छोड़ दिया, राजसी जीवन से दूर होकर संन्यास लिया और आत्मकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाया।

### ब्रह्मचारी थे महावीर


दिगंबर परंपरा के अनुसार, भगवान महावीर बचपन से ही ब्रह्मचारी थे। उन्होंने कलिंग के राजा की बेटी 'यशोदा' से विवाह किया था, लेकिन 30 वर्ष की आयु में अपने बड़े भाई की अनुमति लेकर उन्होंने गृहस्थ जीवन को त्याग दिया। इसके बाद, उन्होंने तपस्या की और अंतत: कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया।

### 12 सालों की कठिन तपस्या कर पाया ज्ञान

जैन समाज भगवान महावीर के जन्मदिन को महावीर जयंती के रूप में और उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के दिन धूमधाम से मनाता है। जानकारी के अनुसार, महावीर स्वामी ने 12 वर्षों तक कठिन तपस्या कर ज्ञान प्राप्त किया और 72 वर्ष की आयु में उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

### इंद्रियों पर की पूर्ण विजय प्राप्त

महावीर स्वामी ने अपनी कठोर तपस्या के माध्यम से सभी इंद्रियों पर पूर्ण विजय प्राप्त की थी, इसलिए उन्हें जितेन्द्रिय के रूप में भी जाना जाता है। वे वीर, अतिवीर और सन्मति के रूप में प्रसिद्ध हैं। हालांकि इस समयावधि में उनके कई अनुयायी बने, जिनमें प्रमुख राजा बिम्बिसार, कुनिक और चेटक भी शामिल थे।



### महावीर स्वामी ने बताए पंचशील सिद्धांत

जैन धर्म के तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को ही सर्वोत्तम नैतिक गण बताया और उन्होंने इसके अलावा दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत भी दिए, जिनमें अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य ये 5 सिद्धांत शामिल हैं। इतना ही नहीं महावीर स्वामी ने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाकर उनका मार्गदर्शन किया।

### महावीर स्वामी ने की चार तीर्थों की स्थापना

महावीर ने साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका इन चार तीर्थों की स्थापना की, यही कारण है कि उन्हें तीर्थंकर कहा जाता है। यहां तीर्थ का मतलब भौतिक तीर्थों से नहीं, बल्कि अहिंसा, सत्य और अन्य गुणों की साधना के द्वारा अपनी आत्मा को शुद्ध और पवित्र बनाने से है।

### पानी छानकर पीने व रात के समय भोजन ना करने का नियम

महावीर स्वामी ने शाकाहार भोजन पर अधिक जोर दिया। उन्होंने रात के समय भोजन नहीं खाने व पानी छानकर पीने के नियम बनाए, जो कि आज के समय में वैज्ञानिक युग में डॉक्टर और डायटीशियन बेहतर जीवन शैली के लिए ये दोनों सलाहें देते हैं।

### पाप व बुरे आचरण से दूर रहने की सलाह

महावीर स्वामी ने 5 प्रकार के पाप हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह और 4 प्रकार की कषाय क्रोध, मान (घमंड), माया (छल-कपट) और लोभ (लालच) बताई हैं, जिनसे प्रत्येक व्यक्ति को दूर रहना परम कर्तव्य बताया है।

### भगवान महावीर के 5 मूलभूत सिद्धांत

*भगवान महावीर द्वारा पंचशील सिद्धांत के बारे में बताया गया है, जो किसी भी मनुष्य को सुख तथा समृद्धि से युक्त जीवन की तरफ ले जाता है।*

**अहिंसा :** भगवान महावीर ने कहा था कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन से हिंसा का त्याग करन चाहिए। सभी मनुष्य और जीव-जंतु के प्रति समानता और प्रेम का भाव रखें।

**सत्य :** महावीर जी का कहना था कि हर मनुष्य को सत्य के पथ का अनुसरण करना चाहिए, साथ ही किसी भी स्थिति में झूठ बोलने से बचना चाहिए।

**अपरिग्रह :** अपरिग्रह के विषय में भगवान महावीर ने कहा था कि किसी भी मनुष्य को आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह करने से बचना चाहिए। ऐसा मनुष्य कभी भी अपने दुखों से मुक्त नहीं हो सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को सुख और शांतिमय जीवनयापन करने के लिए आवश्यकता अनुसार ही वस्तुओं का संचय करना चाहिए।

**अस्तेय :** भगवान महावीर द्वारा बताया गया चौथा सिद्धांत है अस्तेय। अपने जीवन में अस्तेय का पालन करने वाला मनुष्य हर कार्य को सदैव संयम से करता हैं। अस्तेय का अर्थ होता है चोरी नहीं करना, लेकिन यहाँ चोरी का अर्थ सिर्फ भौतिक चीजों की चोरी करने से नहीं अपितु दूसरों के प्रति बुरी दृष्टि से भी है, जिससे सभी मनुष्यों को बचना चाहिए। शांतिपूर्ण जीवन की प्राप्ति के लिए हमें अस्तेय का पालन करना चाहिए क्योंकि अस्तेय का पालन करने से ही हमें मन की शांति की प्राप्ति होती है।

**ब्रह्मचर्य :** ब्रह्मचर्य के बारे में भी भगवान महावीर ने अत्यंत अनमोल उपदेश दिए हैं। उन्होंने ब्रह्मचर्य को उत्तम तपस्या बताया है। ब्रह्मचर्य मोह-माया छोड़कर अपने आत्मा में लीन हो जाने की प्रक्रिया है। ब्रह्मचर्य का पालन करने से मन की शांति और सुकून की प्राप्ति होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल मित्र पंचायत से जुड़े मुद्दों पर प्रशिक्षण आयोजित




**उज्जैन, निप्र।** सतत विकास लक्ष्यों एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में उज्जैन विकासखंड की 32 चयनित बाल मित्र पंचायतों के सचिव, सी.एच.ओ, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक, जनशिक्षक, प्राचार्य सहित कुल 65 प्रतिभागियों को बाल मित्र पंचायत से जुड़े बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण, एवं महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बुधवार को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में 87 संकेतकों के आधार पर आंगनवाड़ी, स्कूल, पंचायत आदि के बस लाइन सर्वे सम्बंधित कार्य योजना एवं रिसोर्स पूल बनाने की पहल की। प्रशिक्षण में ममता, यूनिसेफ, महिला एवं बाल विकास, वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे।

### समन्वय समिति की बैठक 15 अप्रैल को

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आगामी 15 अप्रैल को टी.एल. बैठक के पश्चात कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जन्म-मृत्यु ऑनलाईन पंजीयनों की समीक्षा, 181-सी.एम. हेल्पलाईन / लोक सेवा गारण्टी अधिनियम, 2010 के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा, शासकीय चिकित्सा संस्थाओं में होने वाली जन्म-मृत्यु की घटनाओं को ऑनलाईन प्रविष्टि कर डिस्चार्ज के समय ही हितग्राही को प्रमाण-पत्र जारी करना, जिले के निजी चिकित्सालयों द्वारा की गई जन्म-मृत्यु पंजीयन की ऑनलाईन प्रविष्टियों को संबंधित रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा 3 दिवस में सत्यापन कर प्रमाण-पत्र जारी करना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों द्वारा प्रतिमाह की बैठकों में उप रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सचिव, ग्राम पंचायतों से जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं विवाह पंजीयन की समीक्षा करना, समस्त रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु/विवाह पंजीयन) द्वारा मासिक जानकारी प्रत्येक माह की 05 तारीख तक भिजवाने संबंधि विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### ग्रामीण भारत को स्वस्थ भारत बनाने के लिए प्रशिक्षण आयोजित




**उज्जैन, निप्र।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.मनीषा पाठक ने जानकारी दी कि राज्य औषधि पादप बोर्ड आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार देवारण्य योजना के तहत जिला आयुष विभाग द्वारा मंगलवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति पांचाल ने बताया कि आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है ग्रामीण भारत को स्वस्थ भारत बनाने, किसानों की आय को दोगुना करने के लिए, भारत की अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने के लिए देवारण्य योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मनीषा पाठक ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए, जो जिले के 6 विकास खण्डों में किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और किसानों को कृषि उत्पादन में वृद्धि मूल्य संवर्धन एवं कृषि विपणन प्रशिक्षण देंगे।

# बदबू एवं मच्छर की समस्या का हुआ समाधान

## सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत टाटा द्वारा किया जा रहा हाउस कनेक्शन के मेन होल का कार्य : महापौर

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य एवं सीवरेज के प्रभारी सदस्य प्रकाश शर्मा, टाटा के अधिकारियों के साथ बजरंग नगर, छोटी कमल कॉलोनी एवं हरी नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां सीवरेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत टाटा द्वारा कार्य पूर्ण किया गया है एवं घरों के हाउस कनेक्शन को आईसी चौंबर से जोड़ते हुए मेल हॉल में जोड़ा गया है। उक्त कार्यों का निरीक्षण करते हुए महापौर द्वारा रहवासियों से भी फीडबैक लिया गया कि जो आपके घरों के कनेक्शन को आईसी चेम्बर से जोड़ा गया है, इससे क्या लाभ हुआ। तब रहवासियों द्वारा संतुष्टि पूर्वक जवाब देते हुए कहा कि घरों के कनेक्शन को मेन लाइन में जोड़ा गया है। जिससे अब ना तो नालियों से बदबू आती है, ना ही मच्छर होते हैं और ना ही जल भराव की समस्या होती है। हमारी इस समस्या का समाधान हुआ है।

निरीक्षण के दौरान टाटा के अधिकारियों द्वारा महापौर मुकेश टटवाल को जानकारी देते हुए बताया गया कि सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत संपूर्ण कार्य को 9 जोनों में विभाजित किया गया है। जिसमें से तीन जोनों का काम पूर्ण हो गया है। जिसमें घरों के हाउस कनेक्शन को भी आईसी चेम्बरों से जोड़ते हुए मेन होल के माध्यम से ट्रैंक मेन लाइन में भेजा जाएगा। घरों के कनेक्शन को जोड़ने के बाद घरों से निकलने वाले किचन का पानी, बाथरूम का पानी, सेफ्टी टैंक का पानी इन्हीं चेम्बरों के माध्यम से होते हुए मेन ट्रैंक लाइन तक पहुंचेगी। शीघ्र ही अन्य जोनों में भी जो कार्य शेष रहे हैं उन्हें पूर्ण करते हुए हाउस कनेक्शन को आईसी चौंबर से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, जोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा, टाटा से शैलेश तिवारी, राजीव नेमा, आशीष जैन उपस्थित रहे।

### 10 अप्रैल डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर विशेष

## सरल ,सुलभ उपचार पद्धति होम्योपैथी पहुंची 80 देशों तक

### डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया, होम्योपैथी चिकित्सा विशेषज्ञ

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** एक सरल और सुलभ उपचार पद्धति के रूप में होम्योपैथी को अनेक देशों में अपनाया गया है ।लगभग 80 देशों में इस पद्धति का प्रयोग किया जाता हैं ।होम्योपैथीक चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता तथा लोकप्रियता को और अधिक बढ़ाने में रिसर्च और प्रोफिशिएंसी की महवपूर्ण भूमिका रहेगी ।

अनेक पद्धतियों से इलाज करके निराश हुआ व्यक्ति, होम्योपैथी के चमत्कार से लाभान्वित हुआ, ऐसे अनुभव लोग साँझा करते है ।आरोग्यं परमं भाग्यं, स्वास्थ्यं सर्वार्थ साधनम- अर्थात अच्छा स्वस्थ सबसे बड़ा सोभाग्य है, Holistic wellness का यह दृष्टिकोण भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों तथा होमियोपैथी में देखने को मिलता है।

लगभग एक दशक पहले शुरू की गयी राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत भृत्य चिकित्सा पद्धतियों के साथ साथ होम्योपैथी की पहुँच और अधिक व्यापक हुई है ।विश्व होम्योपैथी दिवस होम्योपैथी के योगदान और स्वास्थ्य सेवा पर इसके प्रभाव का सम्मान करने का एक अवसर है। हर साल विश्व स्तर पर आयोजित होने वाला यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की उपलब्धियों का स्मरण करता है और इस वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस दिन को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है जो प्राकृतिक रूप से बीमारियों के इलाज में होम्योपैथी की प्रभावशीलता को उजागर करते हैं। होम्योपैथी के प्रणेता डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। उनके अभिनव सिद्धांतों ने चिकित्सा के लिए एक समग्र और प्राकृतिक दृष्टिकोण की नींव रखी, जिससे दुनिया भर में लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। होम्योपैथी चिकित्सकों का मत है कि इस पद्धति का उपयोग अक्सर एक व्यापक श्रेणी की बीमारियों के इलाज के लिए दवा के पूरक रूप में किया जाता है। फिर भी कुछ बीमारियों में इसे ज्यादा कारगर माना जाता है। इन बीमारियों में एलर्जी, दमा, वात रोग, चिंता और अवसाद, क्रोनिक फटीग सिंड्रोम, माइग्रेन और सिरदर्द, पाचन विकार, इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस), त्वचा की स्थिति (जैसे एक्जिमा और सोरायसिस), मासिक धर्म संबंधी विकार, जैसे मासिक धर्म में ऐंठन और अनियमित अवधि, श्वसन संक्रमण, जैसे सर्दी और फ्लू आदि। लेकिन अपनी विशिष्ट स्थिति के लिए उपचार का सर्वोत्तम तरीका निर्धारित करने के लिए एक योग्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से परामर्श करना जरूरी है। यह दुनिया के कई देशों में प्रचलित है और इसने भारत में भी सर्वाधिक लोकप्रियता हासिल की है। भारत में होम्योपैथी के उपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। अनुमान है कि भारत में 15 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथी का उपयोग अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए करते हैं। उदाहरण के लिए, भारत में 300,000 से अधिक पंजीकृत होम्योपैथिक डॉक्टर और 7,000 से अधिक होम्योपैथिक अस्पताल और औषधालय हैं।

**हर समय कारगर है होम्योपैथी चिकित्सा :** होम्योपैथी चिकित्सा हर समय कारगर है, सही दवा एवं सही मात्रा में ली गई दवा शरीर की सुरक्षा पद्धति को सक्रिय बनाती है और उन्हें स्वयं ठीक होने में मदद करती है।

होम्योपैथी दवाओं का बाजार तेजी से बढ रहा है। होम्योपैथी उपचार अब कंपनियों द्वारा उनकी व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के तहत दिए जा रहे हैं। चिकित्सा की एक वैकल्पिक प्रणाली होने से आज होम्योपैथी चिकित्सा की एक पूरक प्रणाली है और इसका उपयोग एलोपैथी के साथ भी किया जा सकता है। साथ ही यह बच्चों सहित सभी पुरुषों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए प्राकृतिक और सुरक्षित है। होम्योपैथी सुरक्षा और अपने उपयोगिता के प्रभावशाली ट्रेक रिकार्ड के साथ न केवल भविष्य की दवा है, बल्कि निवारक स्वास्थ्यवर्धक के रूप में भी उपयोगी है।

### भारतीय कॉलेज में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

## शिक्षक सोच बदलते हैं और दृष्टिकोण गढ़ते हैं : प्रो. शैलेन्द्र कुमार भारल



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं होते, वे चरित्र निर्माणकर्ता होते हैं। वे विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास, जिज्ञासा और नैतिक मूल्यों का बीज बोते है। शिक्षक हर पीढ़ी को बेहतर नागरिक बनने की ओर ले जाते हैं। शिक्षक सोच बदलते हैं, दृष्टिकोण गढ़ते हैं और समाज को दिशा देते हैं। उक्त विचार प्रो. शैलेन्द्र कुमार भारल ने भारतीय कॉलेज में आयोजित फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

प्रो. भारल ने कहा कि, एक शिक्षक का प्रभाव केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थी के जीवन में सोचने का ढंग, निर्णय लेने की क्षमता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव भी विकसित करता है। उन्होंने कहा, शिक्षक वह दीपक है, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों के भविष्य को उजाले से भरता है। वह हर विद्यार्थी में छिपी संभावनाओं को पहचानता है और उसे आकार देता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज आवश्यकता है ऐसे शिक्षकों की जो स्वयं नवाचार करें, सीखते रहें और विद्यार्थियों को सिर्फ परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करें। शिक्षक की भूमिका अब केवल अध्यापन तक सीमित नहीं है, वह समाज के हर पहलू को प्रभावित करने वाला प्रेरक तत्व बन चुका है।

प्रो. भारल ने इस अवसर पर कॉलेज की सभी असिस्टेंट प्रोफेसर्स को उनके एकेडमिक डेवलपमेंट के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया एवं उन्हें शोध कार्यों के प्रति गतिविधियों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

स्वागत उद्बोधन एकैडमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंड्या ने दिया।

# निगम ने किया विक्रम नगर क्षेत्र से धार्मिक स्थलों को विस्थापित

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** बुधवार तड़के 4:00 बजे नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विक्रम नगर क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थलों को विस्थापित करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के अंतर्गत नगर निगम द्वारा तड़के 4:00 बजे तीन जेसीबी मशीन, दो हैमर मशीन एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग करते हुए कार्यवाही को पूर्ण किया गया।

नगर निगम उपायुक्त श्रीमती कृतिका भीमावत द्वारा जानकारी देते हुए अवगत करवाया गया कि रोड निर्माण कार्य के अंतर्गत नगर निगम द्वारा 18 करोड़ की लागत से कोठी रोड से देवास रोड एवं प्रशासनिक संकुल से विक्रम नगर तक 24 मीटर रोड का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कार्य अंतर्गत विक्रम नगर क्षेत्र में धार्मिक स्थल आने से रोड निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा था। जिसके क्रम में बुधवार को तड़के 4:00 बजे कार्यवाही करते हुए धार्मिक मंदिरों की मूर्तियों को विधिवत पंडित द्वारा पूजन पाठ एवं आरती करवाते हुए मूर्तियों को विस्थापित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय रहवासियों का सहयोग रहा। इसी के साथ ही मंदिर के पीछे बने हुए बिना अनुमति के निर्माणाधीन कमरे, भंडार कक्ष को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई।

उक्त कार्रवाई के अंतर्गत एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग, माधव नगर सीएसपी श्रीमती दीपिका षिंदे, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, थाना नागझिरी, माधव नगर, नानाखेड़ा, नीलगंगा के थानों का बल थाना प्रभारी सहित लगाया गया। साथ ही नगर निगम के प्रकाष विभाग, संबंधित जोनल अधिकारी, उपयंत्री, अतिक्रमण रिमूवल गैंग, षिल्पज्ञ विभाग, मेंटेनेंस गैंग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन करेंगे

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरूवार को भारतमाला परियोजना के तहत तैयार बदनावर के ग्राम खेड़ा गांव में बदनावर - उज्जैन फोरलेन का लोकार्पण करेंगे । उल्लेखनीय है कि एनएएचएआई के द्वारा करीब 1352 करोड़ रुपए की लागत से 69.1 किलोमीटर लंबे बडनगर-बदनावर हाईवे का निर्माण किया गया है। हाईब्रिड एन्युटी मॉडल पर आधारित यह सडक भारतीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाई गई है। इस पर हल्के वाहन 100 किलोमीटर प्रतिघंटा व भारी वाहन 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ सकेंगे। भविष्य में मार्ग पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए इसके हर लेन को 9 मीटर चौड़ा बनाया गया है। इसके अलावा श्री गडकरी पीथमपुर के पास, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) का निरीक्षण भी करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री गडकरी पूर्वान्ह 11-45 बजें फोरलेन का लोकार्पण करेंगें। इसके पश्चात दोपहर 1-35 बजे उज्जैन पुलिस लाईन हेलीपेड आगमन करेंगे ।यहां आगमन के पश्चात दोपहर 2 बजें मंत्री श्री गडकरी भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर दर्शन करेंगे।

दर्शन के पश्चात दोपहर 2-30 बजे वे होटल अंजुश्री के लिए रवाना होंगे। इसके बाद शाम 4 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड पहुंच कर वहा से हेलीकाप्टर द्वारा पीथमपुर धार के लिए रवाना होंगे।

### जैन समाज ने महावीर जयंती धूमधाम से मनाई

# सुबह नवकार के जाप, दोपहर में वाहन रैली व रात्रि में नाटिका मंचन







विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** प्रभु महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर जैन श्रीसंघ के बैनर तले जैन सोशलय ग्रुप के तत्वाधान मे आयोजित पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम चौथे दिन बुधवार सुबह 8 बजे पाल्या रोड़ स्थित गोपाल गौशाला परिसर में विश्व शांति हेतु राष्ट्रीय स्तर पर जीतों सामाजिक संस्थान के अव्हान पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप, सुबह 9 बजे गोशाला परिसर में गायों के स्वामी वात्सलय, सुबह 11.45 बजे अन्नक्षेत्र में दरिद्रनारायण को भोजन कराया गया।

दोपहर 4.15 बजे कृष्णा जिनिंग फैक्ट्ररी परिसर से रत्नराज ग्रुप एवं नमो सिद्धाणं ग्रुप की अगवाई में वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली की शुरूआत संघ अध्यक्षों ने हरी झंडी दिखा कर की। गले में पंचरंगी दुपटा धारण करने के साथ हाथ में पंचरंगी ध्वज लेकर युवाओं की मंडली वाहन रैली में नारों को गुन्जाए मान कर चल रही थी। वहीं के संघ अध्यक्षगण जीप में सवार होकर नगरवासियों का अभिवांदन स्वीकार कर चल रहे थे। वाहन रैली कृष्णा जिनिंग फैक्ट्ररी परिसर से लक्ष्मीबाई मार्ग, सुभाष मार्ग, थाना चौराह, महात्मा गांधी मार्ग, स्टेशन चौराह, बस स्टेण्ड, रामसहाय मार्ग, भेरू चौराह, पाल्या रोड, इन्द्रा चौक होते हुए महिदपुर मार्ग स्थित राजेन्द्रसूरी जैन दादावाड़ी पर समाप्त हुई।

रात 8 बजे महिदपुर मार्ग स्थित राजेन्द्र सूरी जैन दादावाड़ी परिसर में जैन सोशयल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य मंचन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संघ अध्यक्षों के द्वारा दीप प्रजलन एवं प्रभु महावीर स्वामी के पट पर मालार्पण कर किया गया उद्बोधन ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम ने प्रस्तुत किया। करीब 2 घंटे तक चले कार्यक्रम के दौरान बालक बालिकाओं ने प्रभु महावीर स्वामी के भजनों पर नृत्य कर एवं प्रभु महावीर स्वामी पर नाट्य मंचन कर उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में पांच दिवसीय व लाभार्थी परिवार का ग्रुप के पदाधिकारियों द्वारा बहुमान किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र जना एवं अंतिमा संघवी ने किया एवं अभाव ग्रुप सचिव प्रशांत नाहर ने माना।

### कल्याणक महोत्सव पर विशाल रथयात्रा का आयोजन आज

कल्याणक महोत्सव पर गुरूवार सुबह 9 बजे जैन श्रीसंघ के बैनर तलै मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ की अगवाई में विशाल रथयात्रा का आयोजन लक्ष्मीबाइ मार्ग स्थित पाठशाला भवन से किया जाएगा। रथयात्रा के दौरान स्थानीय महिला मंडल मंगल कलश लेकर, बालिका मंडल डांडिया रास कर व नवयुवक की टोली ढोल की थाप पर नृत्य कर रथयात्रा की शोभा बढ़ाऐगे। वहीं चांदी की पालकी में विराजमान भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा रथयात्रा के आकर्षण का केन्द्र होगी। रथयात्रा जिस मार्ग से गुजरेगी उस मार्ग को रंगोली, तोरणद्वार से सजाया जाएगा। स्थानीय श्रावक - श्राविका चावल की गवली कर रथयात्रा की अगवानी करेगे। रथयात्रा पाठशाला भवन से सुभाष मार्ग, थाना चौराह, महात्मा गांधी मार्ग, स्टेशन चौराह, जवाहर मार्ग, महावीर मार्ग, रामसहाय मार्ग होते हुए पुन- लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित पाठशाला भवन पर समाप्त होगी। मीडिया प्रभारी डॉ. विपिन वागरेचा ने बताया जन्म कल्याणक महोत्सव के मौके पर रथयात्रा से पूर्व गुरूवार सुबह 6.30 बजे दिगम्बर संघ की अगवाई में चिकित्सालय मार्ग स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए पुन- दिगम्बर जैन मंदिर पर समाप्त होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बी.टी. कपास बीजों के अधिकतम विक्रय मूल्य निर्धारित

**खण्डवा, निप्र।** उपसंचालक कृषि, श्री के.सी. वास्कले ने बताया कि जिले के किसानों को उचित मूल्य पर बी.टी. कपास बीज उपलब्ध हो सकें इस हेतु शासन द्वारा वर्ष 2025-26 में कपास बीज गुण (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत बी.टी. कपास बीजों के पैकेट (475 ग्राम रिफ्यूजी-इन-बैग बीज पैकेट न्यूनतम 5 प्रतिशत और अधिकतम 10 प्रतिशत गैर-बीटी कपास बीज) का अधिकतम विक्रय मूल्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसके अनुसार बेसिलस थूरिनजेनसिस (बी.टी.) कपास संकर का संस्करण बीजी1 का अधिकतम विक्रय मूल्य (रुपये) 635/- प्रति पैकेट एवं बेसिलस थूरिनजेनसिस (बी.टी.) कपास संकर का संस्करण बीजी-2 का अधिकतम विक्रय मूल्य (रुपये) 901/- प्रति पैकेट निर्धारित किया गया है। उन्होंने जिले में पंजीकृत आदान विक्रेताओं से अपील की है कि शासन द्वारा निर्धारित मूल्यों पर ही बी.टी. कपास बीजों का विक्रय किसानों को करें। निर्धारित विक्रय मूल्य से अधिक दरों पर विक्रय करते पाए जाने पर बीज गुण (नियंत्रण) आदेश, 1983 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### चेक डेम में ग्रामीणों ने किया श्रमदान



**खण्डवा, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक जिले में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है । जन अभियान परिषद के समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि विकासखंड पंधाना के ग्राम राजगढ़ में नवांकुर संस्था गौरांगी सेवा समिति जल कुँआ के द्वारा चेक डैम की साफ सफाई की गई और ग्रामीणों को जल के महत्व के बारे में बताया गया।इस दौरान विकासखंड समन्वयक, संस्था प्रभारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के संचालन का समय परिवर्तित

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने आदेश जारी करते हुए आंगनवाडी केन्द्रों एवं स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेशानुसार जिले में वर्तमान समय में तापमान में वृद्धि होने के कारण आंगनवाडी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 30 जून 2025 तक की अवधि के लिए आंगनवाडी केन्द्र की सेवाओं का समय प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाता है। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका आंगनवाडी केन्द्रों में प्रात: 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन एवं संचालन समय-सारणी अनुसार सुनिश्चित करेंगी। वहीं नवीन शिक्षा सत्र 2025 में 30 अप्रैल, 2025 तक समस्त शासकीय, अशासकीय (मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं सीबीएसइ सहित) शालाएं पहली से हायर सेकेण्डरी तक की कक्षाओं का संचालन करने का समय प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे किया जाता है।

### संत रविदास मंदिर पर चल रही पांच दिवसीय श्री रविदास महापुराण कथा



**हरसूद, निप्र।** संत शिरोमणि रविदास मंदिर छनेरा-नया हरसूद पर आदर्श अहिरवार समाज समिति छनेरा-नया हरसूद द्वारा पांच दिवसीय श्री रविदास महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का वाचन पंडित आत्माराम धनगर द्वारा किया जा रहा है। पांच दिवसीय कथा मंगलवार से प्रारंभ हुई। कथा के दूसरे दिन बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण लाभ लिया। कथा समापन एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन शनिवार को है।

### विश्व शांति के लिए हरसूद के जैन स्थानक भवन में 90 मिनिट नवकार महामंत्र का हुआ जाप

**हरसूद, निप्र।** भारत सहित दुनिया के 108 देशों में लाखों जैनियों ने एक साथ, एक ही समय पर 90 मिनिट तक नवकार महामंत्र का जाप किया। इस तारतम्य में नगर में विराजित आचार्य पवर 1008 श्री विजयराजजी मसा के आज्ञानुवृति विद्वान सेवारत्न रत्नेश मुनि मसा आदिठाणा 4 के सानिध्य में प्रात: 8 बजे से साढे 9 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप सकल जैन समाज के समाजजनों द्वारा किया गया। नवकार महामंत्र जाप के दौरान डॉ.महेश जैन, कपूरचंद कटारिया, अशोक जटाले, महेश जैन, आनंद सांड, त्रिलोकचंद भंडारी, सुरेशचंद जैन, संतोष जैन, सुशील बरडिया, केवलचन्द जैन, रिंकू बनवट, राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं मौजूद रहे।

### प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन 17 अप्रैल को स्थान- शासकीय आईटीआई कॉलेज बुरहानपुर

**बुरहानपुर, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई बुरहानपुर के संयुक्त समन्वय से 17 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित रहेगा। यह प्लेसमेंट ड्राईव शासकीय आईटीआई बुरहानपुर में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान सभी की सहभागिता ही अभियान के सफल होने की राह है

विनय उजाला



**बुरहानपुर, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में वन विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है। वन विभाग द्वारा अभियान के तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, तालाब, बावड़ियों, स्टॉप डेम का गहरीकरण सहित पौधारोपण का कार्य किया जायेगा। विभाग द्वारा 67 जल स्त्रोतों की साफ-सफाई हेतु कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में वन विभाग द्वारा सोलाबरडी और गढ़ताल रेंज में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व गहरीकरण का कार्य किया गया। पर्यावरण संतुलन का प्रयास वन विभाग का अमला स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर जल स्त्रोतों जैसे नदी, तालाबों, बावड़ियों में जमे कचरे, पेड़ के सूखे पत्ते, गाद, झाड़ियां को हटा रहे है, ताकि मानसून के दौरान पानी का भराव आसानी से हो सकें। जल संरचनाओं में पानी का भराव होने पर जंगल में रहने वाले जानवरों, पशु-पक्षियों को भी इससे राहत मिलेगी। यह पर्यावरण संतुलन का एक प्रयास है। क्योंकि देखने में आता है कि जल स्त्रोतों एवं जल संरचनाओं में अपशिष्ट पदार्थो के जमा होने पर पानी का ठहराव कम हो जाता है। जिससे जल स्तर कम होने के साथ ही पानी की समस्या आने लगती है। अब जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वन विभाग द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों से क्षेत्र के जल स्त्रोतों में जल का स्तर बढ़ेगा और क्षेत्र को राहत मिलेंगी।

युद्ध स्तर पर कार्य जारी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के नागरिकगण मिलकर हाथों में कुदाली, फावड़े, तगाड़ी, जाली लेकर युद्ध स्तर पर काम कर रहे है। सभी जानते है कि यह हमारी जिम्मेदारी है। आपस में समन्वय भाव एवं मिलकर काम करके ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान विद्यार्थियों ने दीवारों पर पेंटिंग्स बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश




**बुरहानपुर, निप्र।** जिले में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बुरहानपुर में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित रही। प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पेटिंग के माध्यम से जल की एक-एक बूंद को सहजने का संदेश दिया गया कि, किस तरह जल का संचयन करे और किस तरह जल का सदुपयोग किया जाये। बड़े ही सुंदर और रोचक पेटिंग्स के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान 80 जलदूत छात्रों को जलसंवर्धन विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी देकर संवाद किया गया। जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सतत रूप से प्रयास किये जा रहे है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान नगर परिषद शाहपुर द्वारा लीकेज सुधार कार्य किया गया



**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर परिषद शाहपुर द्वारा लीकेज पाईप लाइन एवं नल कनेक्शनों का सुधार कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ग्रीष्म ऋतु के दौरान एवं जल बचाने के उद्देश्य से जल प्रदाय टीम द्वारा प्रभारी सीएमओ श्री दिलीप चौहान के मार्गदर्शन में अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर जल प्रदाय की लीकेज पाईप लाइन, नलो की लाइन एवं अन्य लीकेज का सुधार कार्य किया गया। नगर परिषद द्वारा आगे भी ऐसे लीकेज या पाईप लाइन क्षतिग्रस्त पाए जाने पर तत्काल सुधार कार्य किया जावेगा।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की 444 दिनों की अवधि के साथ 7.15% प्रति वर्ष की दर से बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना की शुरुआत

विनय उजाला

**मुंबई।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज एक नई रिटेल सावधि जमा योजना- बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना आरंभ किए जाने की घोषणा की। 444-दिवसीय यह सावधि जमा योजना आम जनता के लिए 7.15% प्रति वर्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.65% प्रति वर्ष, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष या उससे अधिक आयु के) के लिए 7.75त्न प्रति वर्ष तथा समय-पूर्व अदेय जमाराशियों पर 7.80त्न प्रति वर्ष तक ब्याज दर प्रदान करती है । यह योजना 7 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी तथा 3 करोड़ रुपये से कम की रिटेल सावधि जमाराशियों पर लागू होगी।

सुश्री बीना वाहिद, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, ब्याज दरों में गिरावट के दौर में, बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना जमाकर्ताओं को उच्च ब्याज दरों को लॉक करने तथा अपनी बचत पर स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न अर्जित करने का एक आकर्षक विकल्प प्रदान करती है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने ग्राहकों के वृद्धिशील वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करने हेतु अपनी जमा पेशकशों में लगातार नवोन्मेषी उत्पाद लेकर आ रहा है।

ग्राहक बैंक के डिजिटल चैनलों जैसे बॉब वर्ल्ड ऐप और बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के साथ-साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा की किसी भी शाखा के माध्यम से सावधि जमा खाता खोल सकते हैं।

इसके अलावा, बैंक के नए ग्राहक अब बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट के माध्यम से बचत खाता खोले बिना भी वीडियो केवाईसी द्वारा बैंक के साथ एफडी खाता खोल सकते हैं।

## स्त्री रोग विशेषज्ञों ने की हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच

### खण्डवा में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की हो रही नि:शुल्क सोनोग्राफी

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। जिला अस्पताल खंडवा एवं सामुदायिक व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच कर उपचार किया गया।**



ब्लॉक में मातृत्व अभियान की मॉनिटरिंग के लिए जिले से टीम बनाई गई है, जिसमें विकासखण्ड छैगांवमाखन में सी.एम.एच.ओ. डॉ. ओ.पी. जुगतावत द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, दवाई वितरण, जनरल वार्ड, एनबीएसयू, प्रसूता वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से चर्चा कर दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही उपस्थित चिकित्सक को निर्देश दिये कि प्रतिदिन वार्ड का राउंड लगाकर उपचार करना सुनिश्चित करें। प्रसव के दौरान कम वजन वाले बच्चों को एनबीएसयू में भर्ती करवायें। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक द्वारा नि:शुल्क सोनोग्राफी के लिए खण्डवा भेजकर नि:शुल्क सोनोग्राफी की जा रही है। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाईयां भी दी जा रही, ताकि मातृ मृत्यु दर मे कमी लाई जा सके। इसी क्रम में विकासखण्ड खालवा व हरसूद में डी.एच.ओ. डॉ. आर.डी. बकोरिया, विकासखण्ड पंधाना में सी.बी.एम.ओ. डॉ. अनिल तंतवार, पीएचसी रोशनी में डी.एच.ओ. डॉ. रश्मि कौषल, डीपीएचएनओ, श्रीमति अनिता शुक्ला विकासखण्ड पुनासा व जावर में डीपीएम श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी व डीसीएम श्री राहुल जायसवाल द्वारा निरीक्षण किया। डॉ. बकोरिया ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. बाकोरिया ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान जैसे एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चे, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्में शिशु में जन्मजात विकृति, कम वर्ष व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना, अधिक बच्चे होना तथा टीबी, ह्रदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जैसे रोगों से ग्रसित गर्भवती महिलाएं हाईरिस्क की श्रेणी में आती हैं। गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पौष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश दी जा रही है।

### रतलाम मंडल पर अनारक्षित टिकटों की डिजिटल बुकिंग में लगभग चार गुना बढ़ोतरी

## क्यू.आर. कोड की सुविधा के बाद तेजी से बढ़ा आंकड़ा

विनय उजाला



**रतलाम।** भारत में डिजिटलीकरण काफी शीघ्रता से किया जा रहा है । इससे आम जनता को काफी सुविधा हो रही है जो डिजिटल क्रांति का एक महत्वपूर्ण लाभ है। इस क्षेत्र में भारतीय रेलवे भी कहाँ पीछे रहने वाला है। डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करने के लिए भारतीय रेलवे जहाँ भी संभव हो ऑनलाइन की सुविधा उपलब्ध करा रही है। डिजिटल माध्यम जहाँ समय की बचत कराता है वहीं ग्राहकों को निश्चितता भी प्रदान करता है। वह दिन दूर नहीं जब सुविधाओं के उपभोग के लिए पूर्ण रूप से डिजिटल लेन-देन लागू हो जाएगा।

भारतीय रेलवे में टिकट बुकिंग की बात करें तो पूर्व में सिर्फ आरक्षित टिकटों के लिए ही ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा थी। धीरे-धीरे संसाधानों के विकास के साथ ही अनारक्षित टिकट के लिए भी ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भारतीय रेलवे द्वारा आरंभ की गई। भारतीय रेलवे पर अनारक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए मुख्य रूप से तीन माध्यमों का उपयोग रेल उपभोक्ताओं द्वारा किया जा सकता है वे हैं- एटीवीएम(ऑटोमेटेड टिकट वेंडिंग मशीन), मोबाइल एप एवं क्यू. आर कोड।

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर अनारक्षित टिकटों की बुकिंग हेतु तीनों महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध है और इसी का प्रतिफल है कि रतलाम मंडल पर अनारक्षित टिकटों की बुकिग ऑनलाइन माध्यम से करने में लगभग चार गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल में जहाँ डिजिटल माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बुकिंग का प्रतिशत 3.54% था वहीं मार्च 2025 में यह प्रतिशत बढ़कर 12.67% हो गई।

डिजिटल माध्यम से टिकटों की बुकिंग में सभी अनारक्षित बुकिंग खिड़कियों पर क्यू.आर. कोड का लगाया जाना काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है । अगस्त 2024 में टिकट काउंटरों पर क्यू आर कोड की सुविधा की शुरूआत हुई तथा उसके अगले माह में ही दो प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। क्यू आर कोड के माध्यम से टिकटों की बुकिंग माह दर माह में बढ़ोतरी होती गई तथा अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक आठ महीनों में 5.20 लाख से अधिक टिकटों की बुकिंग क्यू आर कोड के माध्यम से किया गया।

### मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन का सूरत स्टेशन पर ठहराव

**रतलाम, (विनय उजाला)।** पश्चिम रेलवे द्वारा उधना स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09185/09186 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन को उधना स्टेशन के बजाय सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। 13 अप्रैल, 2025 से ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल - कानपुर अनवरगंज स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 14.28 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 14.33 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 14 अप्रैल 2025 से ट्रेन संख्या 09186 कानपुर



अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 16.20 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 16.25 बजे प्रस्थान करेगी। उपरोक्त ट्रेनें उधना स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

### किसानों को जमीन का मुआवजा दिया नहीं, किया जा रहा रास्ता निर्माण

# किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** छनेरा के किसानों ने बुधवार को तहसीलदार संगीता मेहतो को हरसूद एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि हमारी जमीन माईक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना में अधिग्रहित की जा रही है। हमें हमारी जमीन का मुआवजा दिए बिना उक्त जमीन पर रास्ता निर्माण किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि हमारी भूमि माईक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना के तहत अधिग्रहित की जा रही है। जिसके सूचना पत्र हमें प्रदान किए गए हैं। किन्तु उक्त सूचना पत्र में कितना मुआवजा वितरित किया जाना है उसका उल्लेख नहीं है। हमारी भूमि पर जेसीबी खडी करके रास्ता निर्माण किया जा रहा है। किन्तु हमारी भूमि की मुआवजा राशि प्रदान नहीं की गई है। जब हमने विरोध किया कि हमें अपनी



भूमि की कितनी राशि बनी है वह तो बताओ तब हमें सूची बताई गई। जिसमें किसी किसान को 1100 रूपए तो किसी की 1500 रूपए है, जोकि बहुत कम है।

#### सरकारी गाइड लाइन 25 से 30 लाख रूपए एकड़

किसानों ने बताया कि हमारी जमीन नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित है। जिसकी कीमत सरकारी गाइड लाईन के हिसाब से 25 से 30 लाख रूपए एकड है। उस मान से हमें मुआवजा राशि वितरित नहीं की जा रही है। वर्तमान में हमारी जमीन पर मूंग फसल बोई हुई है। रास्ता निर्माण कार्य से काफी क्षति होगी। किसानों ने हरसूद एसडीएम से उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की है।

### बाजार भाव

#### इंदौर मंडी

## मूंगफली तेल तेज

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा -** 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

**झाबुआ, निप्र।** 31 मार्च 2025 को विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बिदाई समारोह 09 अप्रैल 2025 बुधवार सायं 4.00 बजे कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती ममता चंगोड ने माह मार्च 2025 में विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर पुष्पमाला, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके स्वत्व से संबंधित आवश्यक दस्तावेज पीपीओ/ जीपीओ प्रदान किए गए। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कहा कि सेवा के दौरान किस प्रकार से हम अपनी दिनचर्या पर व्यस्त रहते है अब सेवाकाल की लम्बी अवधि का अनुभव का उपयोग शेष समय समाज के उत्थान के लिये करे। सेवाकाल के दौरान सामाजिक पारिवारिक दायित्व जिनमें सहभागिता नहीं की गई उसे अब आप निश्चित होकर पूर्ण करे साथ आगामी जीवन के लिये शुभकामनाये दी गई। इस सम्मान सह बिदाई समारोह में श्री विजय कुमार जैन, श्री शैलेष कुमार डोशी, श्री कृष्णईकांत भट्ट, श्री गणेश गणावा, श्री मादुलाल खतेड़िया, श्रीमती कमला व्याास, कुसुम कनेश, इन्द्रा जैन, श्री नसीम अख्तार खान को सेवानिवृत्त होने पर पुष्पमाला, शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती ममता चंगोड, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, सिविल सर्जन सह अस्पताल झाबुआ एवं समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारी कार्यालय प्रमुख, मनोहरदास चौहान, सहायक पेंशन अधिकारी श्री दिनेश पारगी, वरिष्ठ नागरिक पेंशन एसोसिएशन के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती ममता चंगोड ने आभार व्यक्त किया।

## हज यात्रा करीब : रिश्तेदारों में एक शहर से दूसरे शहर में हजयात्रियों का होने लगा इस्तकबाल

**हम भी हज पर जाए दुआ करना, मदीने वाले से हमारा सलाम कहना**



विनय उजाला

**डही, निप्र।** हर मुसलमान की दिली तमन्ना होती है हज और मकबूल हज का सिला होता है जन्नत। इस्लाम के अहम फर्जो में से एक हज होता है। जिसकी धार्मिक यात्रा करीब आ गई है। इस वर्ष 29 अप्रैल से हज की हवाई यात्रा शुरू हो जाएगी। ऐसे में इस बार जो हज यात्री हज पर जा रहे हैं। उनका इस्तकबाल रिश्तेदारों द्वारा घर बुलाकर किया जा रहा है। हज यात्री एक शहर से दूसरे शहर अपने रिश्तेदारों में जा रहे हैं। इस दौरान हज यात्रियों का इस्तकबाल करने के साथ ही उनके रिश्तेदार और समाज के अन्य लोग अल्लाह के खाना काबा में उन्हें भी हज नसीब करने की दुआ करने और मदीना वाले से सलाम करने की पेशकश कर रहे हैं। नगर के इरफान मंसूरी और यूसुफ मंसूरी के यहां उनके हज यात्री रिश्तेदार कुक्षी नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष और पार्षद फिरोज मंसूरी और उनकी पत्नी सोफिया बी, आलीराजपुर में पदस्थ कोषालय अधिकारी सादिक चंदेरी और उनकी पत्नी शबनम बी, बहारपुरा आलीराजपुर के फिरोज मंसूरी और उनकी पत्नी तबस्सुम मंसूरी का इस्तकबाल किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद हाजी जमील मंसूरी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अकरम मंसूरी, नासीर मंसूरी सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित हुए।

इस बार धार जिले से 100 से अधिक हज यात्री हज पर जा रहे हैं। वही निकटवर्ती आदिवासी बाहुल्य आलीराजपुर से भी बड़ी संख्या में समाज के लोगों का हज यात्रा के लिए चयन हुआ है। खास बात यह है कि पिछले साल की तरह ही इस बार भी मप्र को भरपूर हज का कोटा मिला है। ऐसे में मूल सूची के बाद लगातार तीन प्रतीक्षा सूची से अधिकांश हज यात्रियों का चयन हुआ है। जबकि पूर्व वर्षों में मप्र को केवल 3500 हजयात्रियों का ही कोटा मिलता था।

ऐसे में आवेदन तो 10 हजार से अधिक आते थे और हज पर केवल 3 हजार लोग ही जा पाते थे। ऐसे में आधे से ज्यादा आवेदक प्रतिवर्ष हज यात्रा से वंचित हो जाया करते थे। लेकिन पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी तकरीबन सभी आवेदकों को हज पर जाने का मौका मिल रहा है। इससे उनमें खुशी है।

## जिला परियोजना समन्वय धार का पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** जिला परियोजना समन्वय धार श्री प्रदीप कुमार खरे आज जनपद शिक्षा केंद्र बाग पहुंचे, जहां पर बीआरसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर एमआईएस माही गोरे पृथ्वीराज चौहान जनशिक्षक जितेंद्र भिड़े ब्रजेश शर्मा दिनेश अगल्चा किशोर गारद परम सिंह चौहान प्रेम सिंह मंडलोई भैयालाल सोलंकी रमेश रावत भेरू सिंह जमरा किशोर भाबर सुखराम भूरिया पवन सोनी ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर डीपीसी महोदय ने उपस्थित बीएसी जनशिक्षक एमआईएस की बैठक लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 100त्न नामांकन हो सभी उत्तीर्ण बच्चों को कक्षा उन्नत किया जाए कक्षा पांचवी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पास की पोषक शाला में सूची अनुसार दर्ज कराया जाए एक भी विद्यार्थी वंचित नहीं होना चाहिए शासन की समस्त योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिलना चाहिए 30 सितंबर 2025 को 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जाए डीपीसी महोदय द्वारा उपस्थित जनशिक्षकों को 3.0 के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। जनशिक्षकों के द्वारा कार्य में आ रही समस्या के संबंध में डीपीसी से सवाल किए गए जिसका उचित निराकरण महोदय द्वारा किया गया निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना में बाग ब्लॉक जिले में प्रथम होने पर डीपीसी महोदय द्वारा सभी को बधाई दी गई एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया, कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर साथ में पधारे जिला साक्षरता समन्वयक श्री जगदाले ने साक्षरता संबंधी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश जनशिक्षकों को दिए गए।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में न्यायाधीश सुभाष सुनहरे ने कहा-

# विधिक साक्षरता का अर्थ केवल कानून जानना नहीं...

विनय उजाला



**झाबुआ, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन एवं सरंक्षण तथा द्वितीय जिला न्यायाधीश अध्यक्षता व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ शिव कुमार डावर की उपस्थिति में दिनांक 09 अप्रैल-2025 को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झाबुआ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुये द्वितीय जिला न्यायाधीश सुभाष सुनहरे ने अपने संबोधन में कहा कि विधिक साक्षरता का अर्थ केवल कानून जानना नहीं है, बल्कि उसे समझना, उसका पालन करना और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना भी है। उन्होंने कहा कि कानून केवल किताबों में नहीं होता, वह हमारी सोच, आचरण और व्यवहार में भी झलकना चाहिए। श्री सुनहरे ने नशा उन्मूलन पर चर्चा करते हुये कहा कि 'नशा उन्मूलन' केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का विषय नहीं है, बल्कि यह समाज के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। बहुत से छात्र जो घर से दूर रहते है वह नशा करने के आदि हो जाते है इसलिए हमेशा नशे से दूर रहना का प्रयास करना चाहिए। नशा व्यक्ति की सोच, क्षमता और भविष्य दोनों को नष्ट कर देता है। इससे दूर रहना ही सच्ची जागरूकता है।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिव कुमार डावर ने आईटी एक्ट विषय पर चर्चा करते हुये कहा कि साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाऐं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है उन्होंने छात्रों से कहा कि आप लोग इंटरनेट का उपयोग सावधानी से करें। उन्होंने फिशिंग, हैकिंग और सोशल मीडिया धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए और कहा, डिजिटल युग में व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साइबर अपराधों की रिपोर्ट टोल फ्री नंबर 1930 पर तुरंत करें। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी जयदेव माणिक ने यातायात नियमों और संवैधानिक अधिकारों पर चर्चा करते हेलमेट, सीट बेल्ट और ड्रंक ड्राइविंग के नियमों का पालन करने की सीख दी। साथ ही, भारतीय संविधान के 'मौलिक अधिकारों' पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का ज्ञान भी आवश्यक है। शिविर में लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता श्री विश्वास शाह ने लीगल एड डिफेंस योजना की जानकारी के साथ नालसा टोल फ्री नंबर 15100 एवं विभिन्न कानून की जानकारी दी। उक्त शिविर का संचालन प्रोफेसर उदय ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य गिरिश गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों से इस ज्ञान का समाज में प्रसार करने का अनुरोध किया।

# विकासखंड स्तरीय प्रवर्तन दल के प्रशिक्षण का हुआ सफल आयोजन

विनय उजाला



**धार, निप्र।** जनपद पंचायत परिसर धार में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रवर्तन दल के प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नेतृत्व एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. शिंदे के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी रोशनी पाटीदार द्वारा की गई। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमनदीप अरोरा ,सामाजिक न्याय विभाग के अवनीश कुमार दुबे एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. संजय भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक रोहित पालीवाल के द्वारा प्रशिक्षण में बताया कि भारत सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण कानून सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (कोटपा - 2003) बनाया गया है। इस कानून की धारा-6 अ के अनुसार नाबालिगों को/के द्वारा तंबाकू उत्पाद की बिक्री दंडनीय अपराध है। धारा 6 ब के अनुसार शैक्षिक संस्थानों की 100 गज दूरी में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंधित है। इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान- भारत सरकार की तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाइड लाइंस, राज्य सरकार के आदेश एवं भारतीय तंबाकू नियंत्रण कानून की विभिन्न धाराओं के अनुसार समस्त शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाए। इलेक्ट्रानिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम, 2019 के अनुसार ई-सिगरेट पूर्णतः प्रतिबंधित है।

प्रतिषेध कानून 2019 की धारा 4 के अनुसार ई-सिगरेट का उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, विज्ञापन पर प्रतिषेध है, । जिले में यदि कोई भी व्यक्ति इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। राज्य सरकार ने हुक्का बार प्रतिबंधित किया है। जिले में तंबाकू मुक्त गांव बनाने की जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत, नगर पालिका, प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ भी ली गई। इस शपथ के माध्यम से सभी ने नशा मुक्त समाज की दिशा में जागरूकता फैलाने और सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के अंत में रोशनी पाटीदार ने शिक्षाविभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं का चयन कर उन्हें तम्बाकू मुक्त करें। बीएमओ डॉ.चमनदीप अरोड़ा सर के द्वारा कहा गया कि शिक्षण संस्थान में जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं। समापन चर्चा एवं प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू नियंत्रण के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सामूहिक संकल्प लिया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ सेवाओं को सराहा



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र ।** बी एम ओ सोंडवा डॉ विजय बघेल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमराली विकासखंड सोंडवा का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड हेतु असेसमेंट नेशनल असेसर डॉ सोनिका शर्मा जयपुर राजस्थान एवं डॉ सुनंदा गायकवाड़ कोल्हापुर महाराष्ट्र द्वारा किया गया! प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमराली द्वारा अल्प संसाधनों के साथ दी जा रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना असेसर द्वय एवं क्वालिटी नॉडल द्वारा की गई ! नेशनल असेसर द्वारा संस्था के प्रसव कक्ष, न्यू बॉर्न कॉर्नर, लेबोरेटरी सर्विस, चिकित्सक कक्ष, डाइट सर्विस, एम्बुलेंस सर्विस, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एवं निष्पादन की प्रक्रिया एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया एवं सराहना व्यक्त की गई।

इस अवसर पर डॉ अमित दलाल इंटरनल असेसर, श्रीमति जमना सेमलिया, ऋतु मालवीया क्वालिटी नॉडल एवं डॉ सुरेंद्र भंवर एम ओ उमराली, डॉ अभिषेक भट्ट सी एच ओ, समस्त बी पी एम यूनिट, समस्त डाटा ऑपरेटर्स तथा पी एच सी उमराली के समस्त नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टॉफ, समस्त ए एन एम, आशा कार्यकर्ताएं,सेक्टर सुपरवाइजर, एवं स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे।

## गर्मी से पशुओं का करें बचाव



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र ।** उप संचालक पशु विभाग डॉ गुलाब सिंह सोलंकी ने बताया कि गर्मी के मौसम में अधिक तापमान को देखते हुये गौशालाओं में गौवंश को अत्यधिक तापमान से बचाने के लिये गौशाला प्रबंधन के क्षेत्र में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारीयो को गौशालाओं मे भेट देकर प्रबंधन समिति को उचित व्यवस्था हेतु मार्गदर्शन में बत्ताया गया है कि पशुओ में जल व लवण की कमी भुख न होना एवं कम उत्पादन व लू लगना आदि अधिक तापक्रम के प्रमुख प्रभाव होते है अतः पशुओ को अधिक तापमान से बचाने हेतु उपाय करे जैसा कि गौवंश का सीधी तेज धूप से बचाव किया जाये तथा गौशालाओ मे हवा के आवागमन हेतु उचित व्यवस्था की जावे। पशुओ को संतुलित आहार दे। पशुओ गोवंश के लिये पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जावे जिसमे दिन में कम से कम 04 वार पर्याप्त पानी पिलाने का प्रयास करे। हरे चारे की व्यवस्था अधिक से अधिक करे। गौशाला मे भूस का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में होना चाहिये। समय समय पर निकटतम पशु चिकित्सा सस्था प्रभारी से गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करावे।

# एसपी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर कुप्रथाओं पर रोक लगाने के लिए कर रहे लगातार जागरूक

विनय उजाला



**झाबुआ, निप्र।** इन दीनों झाबुआ जिले में जिला पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल बेहतर पुलिसिंग के अलावा एक अलग ही अभियान छेड़ रखा है झाबुआ जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के चलते यहां पर जो कुप्रथाएं और आदिवासी समाज का विकास में अवरुद्ध बन रही ऐसे बिंदुओं को उन्होंने चुनकर आम जनता में एक जाजम पर बैठकर उन्हें समझाइए देते हुए उन्हें से उभरने का और ऐसे रीति-रिवाज से जो समाज के विकास में बाधाएं बने उनसे दूर रहने की अपील की जा रही है जिसे कि 3डी की संज्ञा दी है दहेज दारू और दापा जिस पर लगातार व अपने जिले में विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू होते हैं उनके साथ अपनी बात साझा करते हैं और उनकी बात सुनते हैं और पूरे महकमें के साथ में पहुंचकर उनके साथ एक जाजम पर बैठकर भोजन भी करते हैं और दहेज दारू दापा के दुष्प्रभाव से कैसे बचा जा सकता है इसके लिए लगातार व प्रयास कर रहे हैं और उसमें आम जनता का भी सहयोग मिल रहा है और वह इस अभियान में सहभागिता कर विभिन्न सामाजिक संगठन उनका हाथ बटा रहे हैं उन्होंने इन सभी से होने वाले नुकसान का आकलन भी करवाते हैं और कैसे कम खर्चे में सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम संपादित किया जा सकते हैं इसकी रूपरेखा भी वह सब के बीच रखते हैं निश्चित रूप से पिछले एक वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सुधार आया है और अब तड़वी पटेल सहित यूथ जेनरेशन भी इसमें शामिल होकर रुचि दिखा रहे हे । और वह समझ रहे हैं कि यह चीज ही हमको उन्नति की राह से भटका रही है यहां पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की जनप्रतिनिधियो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें छितू सिंह मेडा वालसिंह मसानिया श्याम तहाड़े दिलीप डावर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया वहीं पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने भी उदाहरण के साथ में उपस्थित जन मानस को समझने का प्रयास किया और साथ ही साथ उन्होंने एक बात भी कहीं कि जहां पर भी दहेज दारू डीजे किसको प्रथा से दूर रहकर शादी का संपादन कराएंगे वहां पर मैं स्वयं ओर मेरे स्टाफ के साथ पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करूंगा साथ ही साथ उन्होंने अपील भी की है कि यदि उसके बाद भी यदि कोई तडवी पटेल या भांजगाड़ियां नहीं मानते हैं तो फिर उन्हें पुलिस कानूनी रूप से उनको सबक सिखाएगी और सलाखों के पीछे भेजेगा जिले में अभी कुछ ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी की गई है इस अवसर पर कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पदनिलोचन पद्म विलोचन शुक्ल के साथ झाबुआ ह्मस्त्रश्च्श्च रूपरेखा यादव ह्मस्त्रश्च्श्च पेटलावद थाना प्रभारी झाबुआ रमेश भास्करे सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित थे और विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं तड़वी पटेल सरपंच जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम परमार के द्वारा किया गया।

### झाबुआ न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया आयोजन

# निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का लिया लाभ








विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 08 अप्रैल-2025 को एडीआर सेंटर झाबुआ में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ के सचिव शिव कुमार डावर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। एक स्वस्थ नागरिक ही समाज की उन्नति में योगदान दे सकता है। हम सभी का कर्तव्य है कि न केवल अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, बल्कि अपने आस-पास के वृद्धजनों, जरूरतमंदों को भी समय-समय पर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करवाएं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ का यह प्रयास निश्चित ही सराहनीय है और मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन लगातार होता रहेगा, जिससे हम समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचा सकें। शिविर में जिला न्यायालय पर आये हुये लोगो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया शिविर में श्री डावर ने स्वयं अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया चिकित्सकों ने लोगों की निःशुल्क जांच की। उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जिला विधिक सहायता अधिकारी नामदेव माणिक, डॉ. वैभव त्रिपाठी, डॉ. अनिल मोरे नर्सिंग ऑफिसर, पैरालीगल वालेंटियर्स डा अशोक बलसोरा श्रीमती सविता गुप्ता शांति वसुनिया सहित सामाजिक कार्यकर्ता पीढ़ी रायपुरिया बापूसिंह कटारा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गौशाला के बीमार हो रही है गाय जनपद पंचायत सुध नहीं ले रही



**कसरावद , निप्र।** प्रदेश सरकार गौ सेवा को लेकर बहुत ज्यादा संजीदा है ,जहाँ गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग चल रही। हिन्दू धर्म मे गाय को गौमाता का दर्जा दिया है। वही कसरावद के उटावद में चल रही सरकारी गौशाला में गाये बीमार हो गई कोई सुध लेने वाला नही है। 43 डिग्री तापमान में गाय बीमार हो रही है। ग्रामीणो ने बताया कि जनपद पंचायत सी ई ओ रीमा अंसारी को इस बारे में अवगत कराया गया है। फिर भी सुध नही ली। इस सम्बंध में जनपद सी ई ओ से सम्पर्क करना चाहा तो फोन रिसीव नहीं किया।

### मां नर्मदा का जलस्तर अत्यंत घटा 300 मीटर घाट से दूर पहुंचा जलस्तर

**कसरावद, निप्र।** नर्मदा का जलस्तर गर्मी के दिनों में लगातार घट रहा है घाट से लगभग 300 मीटर की दूरी तक जल स्तर घट गया है।



नावडाटौडी माकड़खेड़ा, बलगाव, खलबुजुर्ग सहित कठोरा में जल स्तर अत्यधिक कम होने लगा है। बताया जा रहा है कि बडवाह क्षेत्र के नावघाट खेडी मे वर्तमान समय में नर्मदा तट पर निर्माण कार्य जारी है। ऐसी स्थिति मे किसानों की सिंचाई के लिए परेशानी बढने की संभावना जतायी जा रही है। वही पेयजल के लिए मवेशियों सहित आमजन को नर्मदा तट पर समस्या देखी जा सकती हैं। आगामी दिनों में महेश्वर से पहुंचने वाली मां नर्मदा माहिष्मती नर्मदा पंचकोशी पैदल यात्री कसरावद पहुंचेंगे। उसके बाद बालसमुद क्षेत्र के ढालखेड़ा से नर्मदा तट महेश्वर के उस पार नाव से यात्री पहुचेंगे। ऐसे में जलस्तर कम होने से नाव संचालन में परेशानी खड़ी हो सकती है। इसके लिए श्रद्धालुओं द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

### 12 से 14 अप्रैल तक खरगोन मण्डी में अनाज, कपास व डालर चने की खरीदी बंद रहेगी

**खरगोन, निप्र।** खरगोन कृषि उपज मण्डी की सचिव श्रीमती शर्मिला निनामा ने बताया कि 12 मार्च से 14 मार्च तक खरगोन मण्डी में अनाज, कपास एवं डालर चने का नीलामी कार्य बंद रहेगा। 12 मार्च को बैंक अवकाश होने, 13 मार्च रविवार को शासकीय अवकाश होने एवं 14 अप्रैल सोमवार को अम्बेडकर जयंती होने से खरगोन मण्डी में अनाज, कपास एवं डालर चने की खरीदी बंद रहेगी। उन्होंने समस्त किसान बंधुओं से अपील की है कि अवकाश के दिनों में अपनी कृषि उपज अनाज, कपास एवं डालर चना विक्रय के लिए कृषि उपज मण्डी खरगोन में ना लाएं।

### सरस्वती विद्या मंदिर खरगोन में 11 अप्रैल तक चलेगा पुस्तक मेला

# कलेक्टर ने फीता काटकर पुस्तक मेले का किया शुभारंभ

## सस्ती दर पर उपलब्ध होंगी पाठ्य पुस्तकें और स्टेशनरी सामग्री

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को एक ही छत के नीचे सस्ती दर पर पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, एवं स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 से 11 अप्रैल तक बीटीआई रोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के ऑडिटोरियम में पुस्तक मेला का लगायें गये इस पुस्तक मेले का शुभारंभ कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा 09 अप्रैल को फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक खेमराज सेन, एपीसी डीडी पाटीदार, विष्णु पाटीदार, प्रवीण राणे, भगवानपुरा बीआरसी बृजेश खाण्डे, खरगोन बीआरसी रंजीत आर्य और मेले में स्टॉल लगाने वाले विक्रेता मौजूद थे। कलेक्टर भव्या मित्तल ने पुस्तक मेले में लगाएं गए स्टॉल्स का निरीक्षण कर अधिकारियों को इस पुस्तक मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उनके पालक एवं अभिभावक सस्ती दर पर प्राप्त होने वाली शिक्षण सामग्री का लाभ उठा सकें। इस दौरान उन्होंने कक्षा 01 से 12वीं तक की पुस्तकों की जानकारी ली तथा मेले के प्रचार प्रसार तथा संस्था प्रमुखों को सूचित करने तथा मेले में भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। पुस्तक मेले में प्राइवेट विद्यालय, शिक्षक पालक संघ, प्रधान पाठकों, जन शिक्षकों तथा आम आदमी को सूचित करने के निर्देश दिए गए। जिले के समस्त बीईओ, बीआरसी, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया है कि अपने विद्यालय के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों को इस पुस्तक मेले में पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, रजिस्टर, स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य आवश्यकता की सामग्री क्रय करने के लिए भिजवाएं। इस मेले में पाठ्य पुस्तक, स्टेशनरी सामग्री, गणवेश, स्कूल बेग एवं शिक्षा से संबंधित अन्य सामग्री के विक्रेताओं द्वारा 14 स्टॉल लगाए गए हैं। पुस्तक मेले को पहले दि नही अच्छा प्रतिसाद मिला है और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने पालकों व अभिभावकों के साथ शिक्षण सामग्री क्रय करने मेले में पहुंचे है।

सरस्वती विद्या मंदिर ऑडिटोरियम बीटीआई रोड़ खरगोन में आयोजित पुस्तक मेला 09 से 11 अप्रैल तक प्रात: 11 बजे से रात्रि 08 बजे तक खुला रहेगा। छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार मेले में आकर सस्ती दर पर सामग्री क्रय कर सकते हैं। यह सामग्री बाजार से क्रय करने पर छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकों व अभिभावकों को अधिक दाम देना पड़ सकता है। जिला प्रशासन द्वारा सस्ती दर पर पाठ्य एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की गई है। विद्यार्थियों, उनके पालकों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पुस्तक मेले का लाभ उठाएं। जिला स्तरीय पुस्तक मेले में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकें उपलब्ध हैं जो की उचित दाम पर विक्रय की जा रही है। पुस्तक मेले में एनसीईआरटी की पुस्तकों के साथ-साथ स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध है।

## क्षेत्रवासियों एवं विद्यार्थीगण ने शहीद भीमा नायक के मुख्य स्मारक का संरक्षण और जीर्णोद्धार की मांग की

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र।** जिले का एकमात्र ऐतिहासिक स्मारक स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी शहीद भीमा नायक जी का मुख्य स्मारक का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार (मरम्मत) करने के लिए तथा स्मारक के आस-पास अनेक समस्या के लिए के लिए हम क्षेत्र वासियों एवं विद्यार्थीगण की मांग हैं कि-मुख्य स्मारक तक आने-जाने का रास्ता हो , मुख्य स्मारक जीर्ण-शीर्ण हों चुका है,इसलिए स्मारक की मरम्मत अतिशीघ्र हो,अन्यथा आने वाले 1 से 2 वर्ष बाद स्मारक गिर सकता है। स्मारक के आस-पास पानी की कोई सुविधा नहीं है,पानी की व्यवस्था हो, जिससे स्मारक के आस-पास का पहाड़ी क्षेत्र खाली है, उस स्थान पर वृक्षारोपण हो जिससे हमारा पर्यावरण संतुलन बना रहे क्योंकि बड़वानी जिले में पेड़-पौधे की कमी होने से ही गर्मियों के दिनों में वातावरण का तापमान 45 डिग्री से अधिक बढ़ जाता है और इस ऐतिहासिक स्मारक को पर्यटन स्थल भी बनाया जाए।यदि इस ऐतिहासिक स्मारक की और शासन-प्रशासन का इस और कोई ध्यान केन्द्रित न होने पर ऐतिहासिक स्मारक को नष्ट होने से कोई नहीं बचा सकता हैं।इसलिए लिए हम क्षेत्रवासियों और विद्यार्थी गण द्वारा अनुविभागीय अधिकारी जिला बड़वानी को ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

ज्ञापन के दौरान उपस्थित,डॉ विकास बौद्ध,डॉ गणेश चंद्र मालवीय, गंगाराम बारिया, प्रकाश जी बंडोड,मोहन बघेल,राजेश वास्कले, मनोज डावर, बिहारी पिपलोदे, सुवालाल बारिया, बबलू मालवीय, जागरसिंग मंडलोई, हरिश सोलंकी, गोविंद सोलंकी, जरमल कनासिया, अजय कामते, सुनील डावर, नरेन्द्र किराडे, कमलेश वास्कले, धनसिंग सेनानी, सुनिल वास्कले आदि उपस्थित थे।

## रोकस की दुकानों का किराया वसूले



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** रोगी कल्याण समिति कार्यकारणी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से रोगी कल्याण समिति द्वारा निर्मित दुकानों के मासिक किराये के संबंध में चर्चा की गई। इस संबंध मे एसडीएम राजस्व, (कार्यकारी अध्यक्ष, रोकस) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। संबंधीत दुकान किरायेदार को नोटीस देकर आगामी समय में किराया जमा करने हेतु आदेशित किया गया। अस्पताल में मरीजों की शासकीय अस्पताल में सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य एवं उच्च गुणवत्ता की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश दिए बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एएसओ किशोर मुजाल्दे खरगोन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत परियोजना अधिकारी आयसीडीएस, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी नगर परिषद, डॉ. संतोष बड़ोले बीएमओ दिलिपसिंह राठौर सदस्य रोकस, विधायक प्रतिनिधि, वरिष्ठ चिकित्सक प्रभारी रोकस उपस्थित थे ।

## कलेक्टर भव्या मित्तल ने गोगांवा के तहसील, जनपद, बाल विकास परियोजना कार्यालय और स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया





विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने गोगांवा के तहसील कार्यालय , जनपद पंचायत कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय और सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल ने अभिलेखों का उचित रख-रखाव करने, कार्यालय में स्वच्छता बनाएं रखने तथा आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोगांवा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल के चिकित्सक एवं स्टाफ ड्यूटी समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे, जिससे मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो। कलेक्टर भव्या मित्तल ने गोगांवा के उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यालय के छात्र-छात्राओं से चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी ली और निर्देशित किया कि शासन के नियमों के अनुसार छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तकों का समय पर वितरण हो जाए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने गोगांवा के बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण किया और छात्राओं को दिये जा रहे भोजन को भी देखा। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि छात्रावास में आरओ वॉटर, सीसीटीव्ही, वॉश बेसिन, टीवी चालू हालत में रहना चाहिए। छात्रावास के शौचालयों की नियमित रूप से सफाई हो और छात्रावास में स्वच्छता बनाएं रखी जाए।

## नेशनल लोक अदालत का किया गया आयोजन

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई 2025 को जिला बड़वानी में श्री महेन्द्र कुमार जैन मान, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील (सेंधवा/राजपुर/अंजड़ / खेतिया) स्तर पर किया जाना है।

उक्त नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालय लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखे जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। नेशनल लोक अदालत में निम्न प्रकार के राजीनाम योग्य प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जावेगा।

**प्रिलिटिगेशन प्रकरण:-**

1. धारा 138 एन.आई.एक्ट
2. बैंक वसूली मामले
3. श्रम विवाद संबंधी मामले
4. विद्युत एवं जल संबंधी मामले
5. बी.एस.एन.एल संबंधी मामले
6. अन्य प्रकरण आदि

**न्यायालयों में लंबित प्रकरण:-**

1. दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण
2. धारा 138 एन.आई.एक्ट
3. बैंक वसूली मामल
4. एम.ए.सी.टी प्रकरण
5. श्रम विवाद संबंधी मामले
6. विद्युत एवं जल संबंधी मामले
7. पारिवारिक विवाद संबंधी मामले।
8. भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले।
10. सर्विस मेटर्स आदि मामले।
11.सिविल प्रकरण।

श्री महेन्द्र कुमार जैन मान, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुरोध किया गया है कि दिनांक 10.05.2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोव अदालत में अधिक से अधिक समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण कराकर नेशनल लोब अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ उठावे एवं सुलभ एवं त्वरित अपने प्रकरणों व निराकरण करावें।

## मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा का नगर आगमन आज, स्वागत के लिए आतुर कसरावद

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** महेश्वर से प्रारंभ होने वाली माहिष्मती माँ नर्मदा पंचकोशी सेवा नर्मदा पैदल परिक्रमा यात्रा का आज आगमन होगा। यात्रा के स्वागत के लिए नगर में माँ नर्मदा पंचकोशी स्वागत सेवा समिति के साथ ही समाजसेवी, धार्मिक, संगठनों और समाजसेवियों के माध्यम श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

कृषि उपज मंडी परिसर में यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था जुटाई गई है। यहां



यात्रियों का विश्राम होगा। उसके बाद शुक्रवार की प्रात: यात्रियों का प्रस्थान ढलखेड़ा क्षेत्र के नर्मदा तट पहुंचेगा। यहां से नाव के माध्यम से यात्रियों को महेश्वर क्षेत्र के जल कोठी नाव से पार कराया जाएगा। यात्रा का महेश्वर में समापन होगा।

पंचकोशी यात्रा की शुरुआत चैत्र पक्ष की एकादशी से होती है, तथा चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा पर धार्मिक यात्रा समापन होगा। 20 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होगे। यह यात्रा माँ नर्मदा जी को समर्पित, आध्यात्मिक, धार्मिक यात्रा है। इसमे हर साल यात्रियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह यात्रा निमाड मालवा क्षेत्र की सबसे बड़ी यात्रा मे सम्मिलित हो चुकी है।

अप्रैल माह की तेज धूप में महेश्वर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक घाट से यात्रा की शुरुआत होती है। इस दौरान चोली, मंडलेश्वर, जलूद, माकड़खेड़ा, कठोरा,से यात्रा का नगर आगमन होता है।

## साइबर सेल एवं थाना खेतिया टीम ने फरियादी के 30000 रुपए वापस करवाए

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** आवेदक अनिल डावर ने खेतिया थाने पर 38000 रू. अज्ञात तरीके से हस्तांतरण होने की शिकायत की। घटना का संक्षिप्त विवरण पुलिस अधीक्षक बडवानी श्री जगदीश डावर द्वारा जिले में साइबर फ्रॉड के संबंध में आम जनता को जागरूक करने एवं साइबर फ्रॉड संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।दिनांक 17/03/2025 को आवेदक अनिल द्वारा बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे खाते से कुल संख्या में 38000 रुपए की राशी ट्रांजैक्शन कर ली गई है बाद फरियादी द्वारा थाना खेतिया पर रिपोर्ट पर साइबर सेल बड़वानी की मदद से राशी 30000 रुपए होल्ड कराकर सबंधित से संपर्क कर होल्ड की गई राशि 30000 रुपये आवेदक के खाते में जमा कराए गए।

विशेष भूमिका-नि.रि. सुरेंद्र कनेश थाना प्रभारी खेतिया, साइबर सेल उप निरीक्षक रितेश खत्री,आरक्षक शिवराज थाना खेतिया, आरक्षक अर्जुन नरगावे की विशेष भूमिका रही।

## भीषण गर्मी को देखते हुए शाला समय परिवर्तन कलेक्टर के नाम एसडीएम सौंपा ज्ञापन

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर शाला समय में परिवर्तन की मांग उठाई गई है। इसी सिलसिले में राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विजय राय सुनहरे एवं सर्व शिक्षक संघ के संजय शर्मा और मोहन यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर, के नाम एसडीएम सत्येंद्र बैरवा के नाम ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में शालाओं का संचालन प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक किया जा रहा है। इस समय में विद्यार्थियों व शिक्षकों को दोपहर की भीषण गर्मी व लू का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी दोपहर 12.00 से 4.00 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य हित में शाला संचालन का समय प्रात: 7.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक निर्धारित किया जाए। इस प्रतिनिधिमंडल में संभागीय अध्यक्ष संजय शर्मा, सर्व शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मोहन यादव, रंजन वर्मा, अमृत पटेल, तथा महिला मोर्चा प्रमुख सुनीता वर्मा शामिल रहे।

### कलेक्टर ने शाहपुरा, बोरगांव और बैजापुर में पपीता एवं स्वीट कार्न मक्का की खेती का किया निरीक्षण

# स्वीट कॉर्न मक्का की खेती कर किसानों ने दिखाई नई राह

## कम समय में कमाया अधिक मुनाफा, अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणा स्त्रोत

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने 09 अप्रैल को गोगांवा विकासखण्ड के ग्राम शाहपुरा, बोरगांव और बैजापुर पहुंचकर वहां पपीता और स्वीट कार्न मक्का की खेती का निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा की। इस दौरान उप संचालक कृषि एस.एस. राजपूत, सहायक संचालक प्रकाश ठाकुर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर भव्या मित्तल ने शाहपुरा एवं बोरगांव में पपीता के खेतों के देखा और किसानों से पपीता उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। किसानों द्वारा बताया गया कि उद्यान विभाग की सलाह पर उनके द्वारा पपीते की खेती की जा रही है। इससे उन्हें कम समय में अधिक आय हो जाती है। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम बैजापुर में जयराम चौहान, संतोष चौहान, मोहन सिसोदिया के खेतों में स्वीट कार्न मक्का की फसल को देखा। उन्होंने किसानों से स्वीट कार्न मक्का की खेती एवं इसके बाजार के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में स्वीट कार्न मक्का की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करें।

उल्लेखनीय है कि ग्राम बैजापुर के किसान जयराम चौहान द्वारा रबी सीजन में अपने 07 एकड़ खेत में स्वीट कार्न मक्का की फसल लगाई गई है। जयराम ने अपने खेत में स्वीट कार्न मक्का की बुआई डीप के साथ फर्टिगेशन पद्धति से की थी। इस पद्धति से एक एकड़ खेत में 16 हजार पौधे लगाये गये थे। ग्राम बैजापुर के किसान संतोष चौहान एवं मोहन सिसोदिया ने भी नवीनतम तकनीक का उपयोग कर अपने खेतों में स्वीट कार्न मक्का की फसल का उत्पादन किया है और उन्हें भी कम समय में अच्छा खासा मुनाफा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीसीसी अध्यक्ष श्री पटवारी का आत्मीय स्वागत किया



**कन्नौद, निप्र।** गुजरात की पटाखा फैक्ट्री हादसे में मृतको के परिवारों से मिलने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी गत दिवस खातेगांव, संदलपुर और हंडिया पहुंचे थे। वहां से लौटते समय कन्नौद नगर में एमजी रोड स्थित राजेंद्र राठी के निवास पर रुके। जहाँ पर श्री पटवारी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवास शहर अध्यक्ष मनोज राजानी, गौतम बन्टू गुर्जर, ओम पटेल, सुनील वर्मा, सुनील यादव खातेगांव, अकरम खान, राहुल पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजुद थे।

### श्वेतांबर जैनाचार्य एवं दिगम्बर मुनि के सानिध्य में मनेगी महावीर जयंती

**देवास, निप्र।** जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ सम्पूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जंयती समग्र जैन समाज देवास द्वारा 10 अप्रैल गुरुवार को अपूर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से मनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि कई वर्षो के अंतराल पश्चात नगर में इस वर्ष श्वेताम्बर जैनाचार्य एवं दिगम्बर मुनि के सम्मिलित सानिध्य में महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महावीर जयंति मनाई जा रही है। इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी म.सा. एवं दिगम्बर मुनि श्री 108 निष्पक्ष सागरजी म.सा. एवं मुनि श्री 108 निष्प्रह सागरजी म.सा. अपने संपूर्ण साधु मंडल के साथ उपस्थित रहेंगे। चतुर्विध संघ की रूपरेखा साकार करते हुए पूज्य साध्वीजी श्री अक्षयनंदिता श्रीजी म.सा. आदि साध्वी मंडल भी विशेष रूप से जन्म कल्याणक के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 10 अप्रैल को विशाल आकर्षक शोभा यात्रा सुबह 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड से निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है विगत 54 वर्षो से दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा सामूहिक रूप से महावीर जयंती मनाई जा रही है। सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ पर समग्र जैन समाज की नवकारशी आयोजित होगी।

### सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी को 02 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त भव्या मित्तल ने हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में जानकी नगर खरगोन के लिबनुस पिता निकोलक की मुत्यु होने पर उसकी वारिस पत्नि श्रीमती प्रिस्का मिंज को 02 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की है। उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी 2022 को ग्राम जामली में जाम की बाड़ी के पास अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना में लिबनुस की मृत्यु हो गई थी।

# जल संकट से हर संभव निपटा जाएगा : विधायक पवार

विनय उजाला




**देवास, निप्र।** एनवीडीए से कम मात्रा मे पानी मिलने के कारण क्षिप्रा बैराज में पानी की उपलब्धता कम होने से शहर में व्याप्त हुए जलकष्ट से निपटने हेतु देवास विधायक गायत्री राजे पवार के द्वारा सभापति रवि जैन, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, निगम आयुक्त रजनीश कसेरा सहित निगम जल वितरण व्यवस्था से जुडे तकनिकी यंत्रियों की एक आवश्यक बैठक ली जाकर वर्तमान मे निर्मित जलकष्ट से हर हाल मे निपटने हेतु एक विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में विधायक ने कहा कि विस्तृत कार्य योजना के तहत निगम के संबंधित जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों का एक वट्सऐप ग्रुप बनाकर उसमें प्रतिदिन की जल वितरण की व्यवस्था की जानकारी डाली जाए। जिसमे प्रतिदिन टंकियों मे पानी की उपलब्धता के आधार पर जल वितरण का समय निर्धारित हो तथा किन किन क्षेत्रों में कितने समय जल वितरण किया जाएगा की जानकारी संकलित कर प्रसारित की जाए। इस ग्रुप में मुझे भी जोडा जाए ताकि में प्रतिदिन की स्थिति की मानिटरिंग कर सकूं। बैठक में विधायक के द्वारा अपनी विधायक निधि से 17 पानी के टेंकर शीघ्र उपलब्ध कराने तथा निगम के टेंकरों से जिन क्षेत्रों में वर्तमान मे पानी नही पहुंच पा राह है वहां पानी का वितरण किए जाने के भी निर्देश दिए गए है। विधायक ने कहा कि एनवीडीए से पानी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध होने हेतु मेरे द्वारा शासन स्तर पर चर्चा की गई। जिसके परिणाम स्वरूप निगम को नर्मदा का पानी मिलना प्रारंभ हुआ। कुछ दिनों पश्चात क्षिप्रा बैराज मे पानी की पर्याप्त उपलब्धता होने से शहर में जल वितरण व्यवस्था सुचारू हो जाएगी। बैठक में विधायक ने निर्देश जारी किए कि भविष्य मे ऐसी परिस्थितियां निर्मित न होने पाए इसलिए निगम के अमले को पूर्ण सजग, सतर्कता से मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना होगी। बैठक में सभापति ने जल वितरण के 3 प्रमुख स्त्रोतों के बारे में कहा कि नया राजा नल तालाब की वर्तमान की क्षमता में वृद्धि करने हेतु इसे हाटपीपल्या में माइक्रो सिंचाई योजना से भी जोड सकते है तथा नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय योजना से क्षिप्रा मे पानी लेने की कार्ययोजना बनाई जाकर कार्य किये जाए। बैठक में सभापति ने कहा कि वर्तमान में जो जलकष्ट की स्थिति निर्मित हुई है जो 5 से 7 दिवसों में हल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर मे जिन नागरिकों के अपने निजी बोरिंग है तो अपने आसपास के क्षेत्रों के लोगों को पानी उपलब्ध कराकर जलकष्ट से निपटने मे सहयोग प्रदान करें। बैठक में आयुक्त ने विधायक को अवगत कराया की निगम द्वारा वर्तमान स्थिति से निपटने हेतु अस्थाई रूप से कन्ट्रोल रूप स्थिापित कर हेल्प लाइन नम्बर 07272220516 व 07272220030 एवं 18002335270 जारी किए गए है। इसमे 10 कर्मचारियों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई गई है। बैठक में निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राजेन्द्र ठाकुर, निगम सहायक यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, उपयंत्री दिलीप मालवीय, सुर्यप्रकाश तिवारी, खुशवतसिह बघेल, चंदन सोनी आदि सहित निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुई बैठक में दिए निर्देश

# प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन के प्रस्ताव बनाए जाए

**भौगोलिक, आर्थिक, प्रशासनिक तथा बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दें सुझाव**

विनय उजाला




**देवास, निप्र।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोग के सदस्य पूर्व आईएएस एसएन मिश्रा, मुकेश शुक्ला और अक्षय सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील, उपखंड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों से अवगत कराया गया। साथ ही आयोग के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, एसडीएम सोनकच्छ प्रियंका मिमरोट, एसडीएम बागली आनंद मालवीय, एसडीएम खातेगांव प्रिया चन्द्रावत, एसडीएम कन्नौद प्रवीण प्रजापित, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के सदस्य एसएन मिश्रा ने निर्देश दिए कि आमजनों की सुविधा तथा प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुनर्गठन के सुझाव दें। सुलभ प्रशासनिक व्यवस्था, नागरिकों की सुविधाओं तथा जनअपेक्षाओं को केन्द्र में रखकर प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन के प्रस्ताव बनाए जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए जन आकांक्षाओं के अनुरूप हो, इसके लिए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और कम से कम समय में अधिकतम सेवाएं उपलब्ध कराने तथा नागरिकों की प्रशासन तक पहुंच को सहज, सरल बनाने के लिए प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन की आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए नई तकनीकों एआई और चैट जीपीटी को दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारियों का युक्तियुक्तकरण करें जिससे कार्य दक्षता उन्नत हो।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आश्वस्त किया कि सभी से सुझाव लेकर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर आयोग को प्रेषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों की सुविधा सहित आयोग के निर्देशों को ध्यान रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कार्य दक्षता के लिए डाटा मैनेजमेंट बहुत मत्वपूर्ण है। सिंगल डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम बनाने की आवश्यकता है, जिससे डाटा आसानी से मिल सके।

# देवास जिले के जंगल में लगी भीषण आग, खतरे में वन्यजीव



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिले के जंगल में भीषण आग लग गई हैं। आग इतनी ज्यादा फैल चुकी है कि इससे वन्यजीव भी खतरे में आ गए हैं। आग की लपटें दूर से ही नजर आ रही हैं।बआग लगने के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हुआ हैं। जंगल से सटे खेत अब खाली हो चुके हैं। गेहूं कटाई के बाद किसान खाली खेतों को आग के हवाले कर देते हैं, इस कारण भी हर साल बडा हादसा सामने आ जाता हैं।

बागली क्षेत्र के बरझाई घाट के घने जंगलों में भीषण आग लग गई है। आग की लपटें कई किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी हैं और जंगल में धुएं का गुबार साफ़ देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक़ आग कई दिनों से लगी हुई है जो तेज़ हवाओं के चलते तेजी से फैल गई।

बताया जा रहा है कि इस आग से जंगल में रहने वाले वन्य जीवों को बड़ा खतरा हो गया है। साथ ही पर्यावरण को भी भारी नुकसान की आशंका है।

### जिले में ट्रैक्टर-ट्राली की तेज रफ्तार बन रही जान लेवा

# सडक किनारे खड़े परिवार पर पलटी ट्रैक्टर-ट्राली, चार साल के बच्चें की मौत

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** ट्रैक्टर-ट्राली की तेज रफ्तार हादसों का कारण बन रही हैं। देवास जिले में पहले भी कई केस हो चुके, जब तेज रफ्तार में चल रहे ट्रैक्टर-ट्राली असंतुलित होकर पलट गए। देवास शहर के अंदर भी इनकी तेज रफ्तार सिहरन पैदा करती हैं। ऐसे ही एक हादसा कन्नौद में हुआ। सडक किनारे खडे तीन लोगों पर ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। कन्नौद के ग्राम देवली में मंगलवार रात को नाले की पुलिया पर ये हादसा हुआ। ट्रैक्टर-ट्राली तेजगति से कलवार की ओर से आ रही थी। हादसे में चार साल के अनुज पुत्र मुकेश की ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबने से मौत हो गई। हादसे में अनुज के पिता मुकेश और उनकी बहन अनुप्रिया घायल हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया था, जिसके बाद तीनों रास्ते की पुलिया पर सडक किनारे खडे हो गए थे। पेट्रोल लेकर आते और फिर आगे बढते उसके पहले तेज रफ्तार ने एक बच्चे की जान ले ली। ग्रामीणों को जैसे ही हादसे का पता चला वे नाराज हो गए।

गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्राली को आग के हवाले कर फूंक दिया। हादसे की सूचना पर टीआई तहजीब काजी भी पुलिसबल लेकर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत ही तीनों घायलों को कन्नौद के सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां मासूम को मृत घोषित कर दिया।

# शंका में महिला को पति सहित सास ससुर ने मिलकर डंडे से जमकर पीटा

विनय उजाला

**मां को उसके दो बच्चों के सामने की मारपीट**

**सोनकच्छ, निप्र।** थाना क्षेत्र के ग्राम चौबारा जागीर निवासी महिला ने पति सहित सास ससुर के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट सोनकच्छ थाने में दर्ज कराई है।

फरियादीया प्रीति शर्मा पति राजेश शर्मा निवासी चौबारा जागीर ने अपने भाई विकास मिश्रा व भाई के दोस्त महेश ठाकुर के साथ आ कर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं उक्त पते पर रहती हूं। ग्रहकार्य करती हूं। मेरी शादी वर्ष 2010 मे चौबारा जागीर के राजेश शर्मा के साथ हुई थी राजेश से मुझसे दो बच्चे जयंत उम्र 14 साल व शिवाशीष उम्र 10 साल के है। मेरा पति मुझ पर शंका करता है इस बात को लेकर मेरा पति आये दिन छोटी छोटी बातो पर मुझसे विवाद करता रहता था जिसके कारण मैं परेशान होकर 17 अप्रेल 2024 में अपने दोनो बच्चो के साथ अपने मायके देवास रहने चली गयी थी। दो महीने पहले से मेरे पति राजेश मुझसे फोन करके बात करने लगे। हमारी अच्छे से बातचीत होने लगी थी जिस कारण 10 दिन पहले मेरा पति राजेश मुझे मायके देवास मे लेने आया था तो मैं उनके साथ अपने दोनो बच्चो को लेकर अपने मायके से ससुराल चौबारा जागीर आ गयी थी। आने के बाद से ही मेरे पति राजेश मुझसे आये दिन छोटी छोटी बातो को लेकर मेरे साथ फिर विवाद करने लगा दिनांक 07.04.2025 के दिन करीबन 12 बजे की बात है मेरा पति मुझसे बोला कि तुम लोगो को मै देवास छोड देता हूं फिर मुझे व दोनो बच्चो को लेकर चौबारा जागीर के रास्ते मे खेत पर बने घर पर ले गया। जहां मेरी सास मधुबाई व ससुर प्रभुलाल भी थे। मैने मेरे पति व सास, ससुर से बोला कि दोनो बच्चो का एडमिशन देवास में करा देते हैं वहां अच्छी पढाई होती है तो तीनो मुझसे बोलने लगे कि हमारे पास इतने पैसे नहीं है कि हम देवास पढा सके। इसी बात को लेकर तीनो ने मुझे मां बहन की नंगी नंगी अश्लील गालियां देने लगे मैने गालियां देने से मना किया तो मेरी सास मधु बाई ने मेरे बाल पकड कर थापड मुक्की से मारपीट की व ससुर प्रभुलाल ने भी मेरे साथ थापड मुक्की से मारपीट की पति राजेश ने मुझे डंडे से मारा जो मुझे दोनो पैर, दोनो हाथ, पीठ पर चोटे लगी। गवाह दोनो बच्चे जयत व शिवाशिष है। तीनो मुझसे बोले कि अगर किसी को बताया तो तुझे जान से खत्म कर देगें। फिर मैने मेरे भाई विकास को मैसेज करके सारी बात बतायी फिर भाई विकास व भाई का दोस्त महेश को साथ लेकर रिपोर्ट को आयी हूं। रिपोर्ट करती हूं। पुलिस ने प्रीति शर्मा की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू की गई।

## प्रदेश के विद्यालयों के लिए अवकाश घोषित

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 के लिये प्रदेश के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों के लिये अवकाश अवधि घोषित की है।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किये है। जिसके अनुसार ग्रीष्म कालीन अवकाश 01 मई से 15 जून 2025 तक अवकाश विद्यार्थियों के लिये, 01 मई से 31 मई 2025 तक़ अवकाश शिक्षकों के लिये, दशहरा अवकाश 01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर 2025 तक अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये, दीपावली अवकाश 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2025 तक अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये, शीतकालीन अवकाश 31 दिसम्बर 2025 से 04 जनवरी 2026 तक अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये होगा।

### ईजीएस शाला भवन की जमीन पर अतिक्रमण

# तहसीलदार द्वारा मौका मुआयना कर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया

विनय उजाला




**सोनकच्छ, निप्र।** जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत भागसरा के इन्द्रा नगर कॉलोनी के स्कुल ई.जी. एस. शाला भवन के शासकीय सर्वे नं. 113 के ग्राउण्ड पर बहादुरसिंह पिता थावरजी जाति बलाई निवासी ग्राम भागसरा तहसील सोनकच्छ के द्वारा अवेध अतिक्रमण कर पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा है इसके पूर्व में बहादुरसिं पिता थावर ग्राम पंचायत भागसरा के द्वारा पक्का निर्माण को रूकवा दिया गया था और बहादुरसिंह द्वारा कहा गया था कि में स्कुल के ग्राउण्ड से मेरा अवैध निर्माण हटा लुंगा और मेरा प्लाट मेरे भाई बनेसिंह एवं अन्तरसिंह के बिच में पड़ा हुआ है मेरे नाम से ही प्लाट है और एक सोनकच्छ में भी प्लाट है मुझे कुछ दिन का समय दे दो तो में अपने प्लाट पर मकान बना लूंगा लेकिन आज दिनांक तक भी बहादुर सिंह द्वारा शासकीय जमीन पर से अपना कब्जा नहीं हटाए जाने पर बुधवार को अवैध कब्जे को हटवाने के लिए मौका निरीक्षण करने तहसीलदार सोनकच्छ संजय गर्ग ,पटवारी निर्मला मालवीय, सरपंच दिलीप बाबूलालजी धाकड़ और पांच पहुंचे जहां पर उन्होंने भादर पिता थावर , उनके पुत्र रविन्द्र, उनकी पत्नी को निर्देश दिए हैं कि अवैध मकान निर्माण स्कूल खेल मैदान से हटा ले । नहीं हटाने की स्थिति में सख्त कारवाई की जायेगी।

### खेतों में नरवाई न जलाएं, बल्कि इससे जैविक खाद बनाएं

**खरगोन, निप्र।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। उप संचालक कृषि एसएस राजपूत ने किसानों को सलाह दी है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है, वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है और इससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा।

# जिसने जिस भाव में चाहा श्री कृष्ण ने उसे उसी भाव में अपनाया



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** श्रीकृष्ण की लीला अद्भुत लीला सुनी थी भागवत के मंच पर वासुदेव की लीला को देखकर श्रोताओं को मिले आनंद को शब्दों नहीं लिखा जा सकता। श्रीकृष्ण ने सोलह हजार एक सो आठ रानियों से विवाह किया था, जिसमें 8 पटरानी थी। भगवान ने पहला विवाह रूखमणि का हरण कर विवाह किया। मणि चोरी के कलंक को मिटाने गए तो जामवंत की पुत्री जामवती के साथ हुआ, जामवंत से मिली मणि लेकर शत्राजीत को देने गए तो शत्राजीत ने अपनी बेटी सत्यभाव का विवाह कर मणि श्रीकृष्ण को दे दी। चौथा विवाह जमुना जी जिनका नाम कालिंदी के साथ किया। पांचव विवाह उज्जैन में मित्रविंदा के साथ हुआ। छठा विवाह सत्या के साथ, सातवां विवाह भद्रा के और आठवां विवाह लक्ष्मना के साथ हुआ। भगवान की 16108 रानी से 10,10 पुत्र और एक एक पुत्रियों ने जन्म लिया। जिसने जिस भाव से चाहा श्री कृष्ण ने उसे उसी भाव में अपनाया है ।

यह वर्णन कैला देवी मंदिर में चौत्र नवरात्रि पर ही रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्रांति दिवस पर ब्रजरत्न वंदना श्री ने व्यक्त करते हुए सुदामा चरित्र का वर्णन कर बताया कि सुदामा जी ने अपने जीवन किसी से भिक्षा नहीं ली यहां तक कि द्वारकाधीश से मिलने गए तो भी भगवान से कुछ नहीं मांगा। मगर भगवान ने सब कुछ दे दिया। व्यास पीठ की पूजा मन्नूलाल गर्ग के परिवार ने की। आरती में देवास के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### लय बरकरार रखने उतरेंगी दिल्ली और बेंगलुरु की टीमें

# विराट कोहली और मिचेल स्टार्क पर होंगी सबकी नजरें

नई दिल्ली, (एजेंसी)

**शानदार फॉर्म में चल रहीं दिल्ली और बेंगलुरु की टीमें गुरुवार को आपस में भिड़ेंगी। बंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2025 का 24वां मुकाबला खेला जाएगा। इस दौरान विराट कोहली का सामना मिचेल स्टार्क से होगा। दिल्ली ने अब तक खेले सभी तीनों मुकाबले जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में तीन मैचों में जीत का स्वाद चखा है। दोनों टीमें क्रमश: पहले और तीसरे स्थान पर हैं।**

## दिल्ली को रहना होगा सावधान

आरसीबी ने कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में जीत दर्ज की और एकमात्र पराजय उसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस के हाथों झेलनी पड़ी। हार की वजह हालांकि टीम की कोई कमी नहीं रही बल्कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच ने उसे हैरान कर दिया। वहीं, विशाखापत्तनम और चेन्नई जैसी अलग अलग पिचों पर जीत दर्ज करके आई दिल्ली के खिलाफ आरसीबी को सावधान रहना होगा। वैसे विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है।



### विराट और स्टार्क के बीच होगी टक्कर

विराट को हालांकि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाए हैं। इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

### कुलदीप के खिलाफ विराट का कैसा होगा रुख?


इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं। वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे उन्हें धीमे बल्लेबाजों के खिलाफ खुलकर खेलने में मदद मिल रही है। कुलदीप की तरकश में हालांकि कई तीर हैं और वह किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकते हैं।

### अक्षर से होगा पाटीदार का सामना

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी फॉर्म में हैं और वह स्पिनरों को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल से अधिक प्रभावी भूमिका की उम्मीद होगी। कप्तान अक्षर ने अब तक तीन मैचों में आठ ओवर डाले हैं लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके हैं।

### राहुल और डुप्लेसिस पर रहेगी नजरें

आरसीबी के लिए नई गेंद संभालने वाले जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार पावरप्ले में प्रभावी रहे हैं। उन्हें दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल पर लगाम लगानी होगी जो यहां के हालात से बखूबी वाकिफ हैं। राहुल अब देर तक टिकने की बजाय बेहद आक्रामक खेलने के इरादे से उतर रहे हैं जिससे काफी खतरनाक भी साबित हो रहे हैं। दिल्ली की नजरें फाफ डुप्लेसिस की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। यहां के हालात से वाकिफ डुप्लेसिस अगर फिट होते हैं तो आरसीबी के नयी गेंद के गेंदबाजों को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।



### बचपन का सपना सच हुआ

# टेस्ट डेब्यू को लेकर भावुक हुए देवदत्त पडिक्कल


नई दिल्ली, (हि.स.)

**भारतीय क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने टेस्ट डेब्यू को लेकर खुशी और भावनात्मक अनुभव साझा किये। आरसीबी बोल्ड डायरीज़ से बातचीत में पडिक्कल ने बताया कि कैसे बचपन से देखा गया सपना पिछले साल पूरा हुआ और वह पल उनके लिए कितना खास था।**

देवदत्त पडिक्कल ने कहा, जब आप एक बच्चे के रूप में हर रात क्रिकेट देखते हुए सोते हैं, टेस्ट क्रिकेट को हासिल करने जैसा कुछ सोचते हैं और फिर एक दिन आप उसी सपने को जी रहे होते हैं। टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सबसे बड़ा सपना था और पिछले साल जब मुझे मौका मिला, तो वह पल मेरे करियर का सबसे यादगार रहा। उन्होंने बताया कि टेस्ट कैप मिलने का अनुभव कितना भावनात्मक था। उन्होंने कहा,मुझे उस दिन की हर बात याद है - पिछली रात क्या हुआ, सुबह कैसे उठे, मैदान पर क्या माहौल था। जैसे ही मुझे कैप मिली, वो लम्हा ज़िंदगी भर के लिए मेरे दिल में बस गया। मैच के बाद मैं कमरे में गया और पूरी शाम रोता रहा। वह खुशी के आँसू थे, उस सपने के पूरे होने की जो बचपन से देखा था।

पडिक्कल ने साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट से डेब्यू किया था। नंबर 4 पर बल्लेबाज़ी करते हुए उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट में 65 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने वह मुकाबला एक पारी और 64 रन से जीत लिया था, जिसके कारण उन्हें दूसरी बार बल्लेबाज़ी का मौका नहीं मिला। अब तक पडिक्कल ने भारत के लिए दो टेस्ट मैचों में तीन पारियों में 90 रन बनाए है।





### आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैक्सवेल पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मोहाली में खेले गए मुकाबले के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ दिया गया है।

आईपीएल की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मैक्सवेल ने लेवल 1 का उल्लंघन स्वीकार किया है, जो आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत आता है। यह अनुच्छेद मैच के दौरान फिक्सचर्स और उपकरणों के दुरुपयोग से जुड़ा है। हालांकि, आईपीएल ने स्पष्ट नहीं किया कि मैक्सवेल ने क्या नुकसान पहुंचाया। लेकिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के फैसले को भी मान लिया।




### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

# सुरुचि और विजयवीर ने भारत को दिलाए 4 स्वर्ण

नई दिल्ली, (हि.स.)

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण जीते। सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक डाल दिए।

18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दमदार वापसी करते हुए चीन की तीन निशानेबाजों को पीछे छोड़ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर सिद्धू ने खराब शुरुआत के बावजूद शानदार वापसी करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अंत में भारत के विजयवीर और इटली के रिकार्डो माजेट्टी 25 हिट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। चीन के यांग यूहाओ को 23 हिट के साथ कांस्य से संतोष करना पड़ा।



# नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग के साथ करेंगे सीजन की शुरुआत

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारत के डबल ओलंपिक पदक विजेता, भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह 2025 सीजन की शुरुआत कतर की राजधानी दोहा में 16 मई को होने वाली डायमंड लीग मीट से करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड और फिर 2024 पेरिस ओलंपिक में सिल्वर पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह एक बार फिर से दोहा में दुनिया के सबसे जोशिलें एथलेटिक्स दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने का इंतजार कर रहे हैं।




### पिछला साल मेरे लिए बहुत कुछ सिखाने वाला था

चोपड़ा ने 2023 में कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की थी। अपने तीसरे दोहा दौरे से पहले उन्होंने कतर में भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाली भरपूर समर्थन का जिक्र किया और कहा, मैं हमेशा कतर में भारतीय लोगों से मिलने वाली तारीफों से अभिभूत हो जाता हूँ, और इसके लिए शब्दों की कमी महसूस होती है। 27 वर्षीय चोपड़ा, जिनका कोच अब चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन जान जेलेजनी हैं, ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। वह ओलंपिक गोल्ड और विश्व चैंपियनशिप गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बने। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग मीटिंग जीतने और डायमंड लीग टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय का गौरव भी प्राप्त किया। हालांकि, पिछले सीजन में चोपड़ा को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक फाइनल में अर्जद नदीम से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि डायमंड लीग फाइनल में एंडरसन पीटर्स से भी दूसरे स्थान पर रहे।

चोपड़ा ने कहा, पिछला साल मेरे लिए बहुत कुछ सिखाने वाला था, लेकिन मुझे भारतीय ध्वज के नीचे ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर गर्व है। अब मैं पूरी तरह फिट हूं और जान जेलेजनी के साथ मेहनत कर रहा हूं। मुझे दोहा में अपने सीजन की शुरुआत का बेसब्री से इंतजार है।

## व्यापार

### डब्ल्यूटीआई क्रूड 55.13 डॉलर तक लुढ़का

# ट्रेड वॉर की आशंका से फिसला कच्चा तेल

नई दिल्ली, (हि.स.)

**अमेरिका और चीन जैसी दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड वॉर गहराने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) लगातार टूटता जा रहा है। ट्रेड वॉर की आशंका के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आज लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है।**



आज के कारोबार में ब्रेंट क्रूड 60 डॉलर के स्तर से भी नीचे गिरकर 58.39 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड गिर कर 55.13 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इस गिरावट के साथ ही कच्चा तेल 4 साल से भी अधिक समय के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया है।

फ्यूचर मार्केट की बात करें तो ब्रेंट फ्यूचर्स फिलहाल 4.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.27 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर नजर आ रहा है। इसी तरह यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 4.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 56.90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड में ये मार्च 2021 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड में ये फरवरी 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

जानकारों का कहना है कि टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच जिस तरह से टकराव की स्थिति बनी है, उससे आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ने लगा है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि अगर ट्रेड वॉर का दौर लंबे समय तक जारी रहा, तो इससे कच्चे तेल की मांग में गिरावट आ सकती है। ऐसा होने पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत पर दबाव और भी बढ़ सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव बढ़ गया

सबसे बड़ी बात तो ये है कि तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस ने मई के महीने में दैनिक आधार पर कच्चे तेल के उत्पादन में 4.11 लाख बैरल की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। ओपेक प्लस द्वारा पिछले सप्ताह ही लिए गए इस फैसले के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पर दबाव और बढ़ गया है, क्योंकि ऐसा होने की वजह से मार्केट में ऑयल सरप्लस की स्थिति बन सकती है। ऐसे में अगर ट्रेड वॉर की स्थिति भी ज्यादा दिनों तक बनी रही, तो ब्रेंट क्रूड जल्दी ही 55 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 51 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच सकता है।

### आरबीआई ने रेपो रेट 0.25 फीसदी घटाकर 6 फीसदी किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का एलान किया है। आरबीआई ने रेपो रेट घटाकर 6 फीसदी कर दिया है, जो पहले 6.25 फीसदी था। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। रिजर्व बैंक के इस फैसले से आने वाले दिनों में लोन की ब्याज दर सस्ती हो सकती है। इससे ईएमआई भी घटेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को नए वित्त वर्ष 2025-26 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से नीतिगत दर रेपो रेट को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंकों यानी 0.25 फीसदी घटाकर 6 फीसदी करने के लिए मतदान किया।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो रेट को 0.25 फीसदी घटाकर छह फीसदी करने का निर्णय किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ रही है। आर्थिक वृद्धि में सुधार जारी है। मल्होत्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत अमेरिकी शुल्क के साथ वैश्विक अनिश्चितता के साथ हुई है।

# जीडीपी ग्रोथ में गिरावट की चिंता से लुढ़का भारतीय शेयर बाजार

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारतीय रिजर्व बैंक ने आज ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला किया। यह एक ऐसा फैसला था, जिसके कारण साधारण दिनों में स्टॉक मार्केट में जोरदार तेजी आ जाती है। इसके बावजूद आज घरेलू शेयर बाजार बिकवाली का शिकार हो गया।

ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका और जीडीपी ग्रोथ में गिरावट की चिंता ने एक बार फिर निवेशकों को सतर्क चाल पर चलने के लिए मजबूर कर दिया। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ व्यवस्था की ज्यादातर फैसलों के आज 9 अप्रैल से लागू हो जाने के कारण ग्लोबल मार्केट में चौतरफा दबाव बना हुआ है। इसके कारण भारतीय शेयर बाजार में मेटल, आईटी ओर ऑटोमोबाइल सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान करके वैश्विक स्तर पर हड़कंप की स्थिति बना दी है।

हालांकि चीन अभी अमेरिका से बातचीत करने की बात पर बल दे रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि अगर बातचीत सफल नहीं हुई, तो चीन भी पहले की तरह अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगा सकता है। चीन पहले भी आखरी दम तक संघर्ष करने की बात कह चुका है। ऐसी स्थिति में निवेशक दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड वॉर होने की आशंका को लेकर घबराए हुए हैं।



इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जीडीपी ग्रोथ अनुमानों को 6.7 प्रतिशत से घटा दिए जाने के कारण भी घरेलू शेयर बाजार में आज चिंता का माहौल बना रहा। आरबीआई का अनुमान है कि अगर भारतीय सामानों पर अमेरिका द्वारा लगाया गया 26 प्रतिशत का टैरिफ प्रभावी हो गया, तो इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में 0.20 प्रतिशत से लेकर 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। आरबीआई के इन अनुमानों की वजह से भी आज शेयर बाजार के कारोबार पर असर पड़ा।

# भारत व्यापार समझौते पर अमेरिका से कर रहा बातचीत

### टैरिफ से जुड़ी चिंताओं पर बोले विदेश मंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक शुल्कों का प्रभाव अभी ज्ञात नहीं है। विदेश मंत्री के अनुसार इस स्थिति से निपटने के लिए नई दिल्ली की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना है।

टैरिफ पर अमेरिकी नीति के बारे में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भारत शायद एकमात्र देश है जो वाशिंगटन के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बना पाया है।

भारत उन देशों में शामिल है, जिन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में संभावित भूचाल पर प्रतिक्रिया देते हुए सतर्क रुख अपनाया है और कहा है कि वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है। जयशंकर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे नहीं लगता कि इस बारे में बात करना संभव है कि इसका क्या प्रभाव होगा।

### लंदन में भारत-ब्रिटेन निवेशक सम्मेलन में 60 निवेशकों ने लिया हिस्सा

# भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार

नई दिल्ली, (हि.स.)

**केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने लंदन में भारत-ब्रिटेन निवेशक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में विभिन्न पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटेन के करीब 60 निवेशकों ने हिस्सा लिया।**

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक्स पोस्ट में बताया कि मंगलवार शाम आयोजित उच्चस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक वृद्धि और निवेश




अवसरों को सक्षम बनाने के लिए सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया गया, जिसके जरिए ''न्यू इंडिया'' को आकार दिया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश अवसरों को सक्षम करने के लिए भारत सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जो नए भारत को आकार दे रहा है। उन्होंने इस सम्?मेलन में अनुपालन बोझ को कम करने और व्यापार एवं निवेश के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

सीतारमण ने कहा कि विस्तारित मध्यम वर्ग तथा मजबूत एवं स्थिर नीतिगत माहौल के साथ भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है। इसमें वित्त वर्ष 2024-2028 तक सालाना आधार पर 7.1 फीसदी की वृद्धि होगी। यह जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक होगी। वित्त मंत्री ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों को बताया गया कि मार्च, 2025

00000

सीतारमण ने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को उसके आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि भारत घरेलू यूनिकॉर्न की संख्या के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और इसने वित्त वर्ष 2022-23 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11.74 फीसदी का योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि सीतारमण 13वीं मंत्रिस्तरीय भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (ईएफडी) के लिए ब्रिटेन की यात्रा पर हैं, जहां वह अपनी ब्रिटेन की समकक्ष चांसलर रेचल रीव्स के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके साथ ही सीतारमण के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ बैठक के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर जारी वार्ता पर चर्चा करने की संभावना भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान महावीर का जीवन मानवता के कल्याण और समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए प्रेरणास्त्रोत : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन मानवता के कल्याण और समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने जैन धर्म के माध्यम से पूरे विश्व को शांति, सहिष्णुता और करुणा का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान महावीर ने समस्त मानवता को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य का मार्ग दिखाया। उनका जीवन और उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने दो हजार वर्ष पूर्व थे।

### भगवान महावीर ने समाज को सत्य, अहिंसा और त्याग का मार्ग दिखाया : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर कहा कि भगवान महावीर ने समाज को सत्य, अहिंसा व त्याग का मार्ग दिखाया है इनके विचार और आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते है उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने कहा था कि हमें दूसरे के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा हम अपने साथ चाहते है, उन्होंने समाज को जियो और जीने दो का मूलमंत्र दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने भगवान महावीर जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हम सब भगवान महावीर के आदर्शों को अपनाने और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। भगवान महावीर की शिक्षा ने जैन धर्म को एक नई दिशा में ले जाने का काम किया है, उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है और सही रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित करती है।

### स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू करना प्रस्तावित : खाद्य मंत्री राजपूत

**भोपाल ( विनय उजाला )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि स्मार्ट पीडीएस एक मई 2025 से लागू किया जाना प्रस्तावित है। श्री राजपूत ने पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार भी सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूँ उपार्जन की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवायें। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल एप के माध्यम से भी ई-केवायसी किया जा सकता है। श्रीमती शमी ने निर्देश दिया कि इस कार्य में लगी टीम ग्राम/मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाये।

### विश्व साहित्य सेवा संस्थान द्वारा भव्य काव्यगोष्ठी, पैनल चर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**भोपाल( विनय उजाला )।** विश्व साहित्य सेवा संस्थान, सिंगापुर द्वारा वैदिक हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित काव्यगोष्ठी, पैनल चर्चा और सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन संस्थान के संस्थापक एवं संरक्षक देवेंद्र तोमर के कुशल मार्गदर्शन एवं अनुसूया साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत उच्चायोग सिंगापुर के द्वितीय सचिव अरविंद श्रीवास्तव एवं श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और हिंदी साहित्य के प्रवासी परिप्रेक्ष्य में महत्व को रेखांकित करते हुए प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणपति आरती से हुआ, जिसे सिंगापुर के प्रवासी बच्चों ने भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किया। छोटी प्रतिभाशी धात्री ने गणनायक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके उपरांत हर्षिनी द्वारा सरस्वती वंदना एवं भरतनाट्यम प्रस्तुत किया गया, जबकि मृणाल मोदक और दीपाली खेडर ने मनमोहक कथक नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।सांस्कृतिक प्रस्तुति में विशेष आकर्षण रहा बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, जिसमें उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले नववर्ष की झलक और गुड़ी पड़वा जैसे पर्वों का महत्व सरलता से दर्शाया। लेखक गौरव उपाध्याय ने अपनी पुस्तक ज़िंदगी अनलिमिटेड के माध्यम से सकारात्मक जीवन के सूत्र साझा किए, जो दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित कर गए।

# स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का हुआ उदय : मुख्यमंत्री

## आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की है प्रमुख भूमिका

विनय उजाला





**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33% आरक्षण के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज जनजातीय वर्ग की महिला देश की राष्ट्रपति हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हजारों सालों से देवियों की पूजा होती रही है। नवरात्रि में 9 दिन देवी की आराधना की जाती है। दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है, जो राष्ट्र को माता मानता है। राज्य सरकार हर माह लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए डालकर रक्षाबंधन मना रही है। सभी पात्र लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की राशि मिलती रहेगी। अगर बहनों के हाथों में पैसे आएंगे तो परिवार में कुछ बचत होगी। सरकार बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह परिवार और समाज को सशक्त बनाने का एक प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

प्रदेश के हर घर को गोकुल बनाएंगे। राज्य सरकार द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए, डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से नई गौपालन योजना बनाई गई है। भविष्य में गौशालाओं के माध्यम से प्रदेश की बहनों के जीवन में भी बड़ा बदलाव आ सकता है। राज्य सरकार उन्हें नए व्यवसाय से जोड़ने के कार्य कर रही है। अब स्व-सहायता समूह की महिलाओं को गौशालाओं से जोड़ेंगे और समूह की महिलाएं दूध से बने उत्पाद जैसे- मिठाई, रबड़ी, कलाकंद तैयार करेंगी। बहन-बेटियों की मिठाई की दुकान खुलेगी, उनकी आय बढ़ेगी।

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव

समारोह में ग्राम पिपलिया सरपंच श्रीमती अनीता लोकेश पांचाल ने मंच से जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य के अनुभव साझा कर बताया कि पहले बावड़ी बहुत गंदी थी। जनसहयोग एवं जन भागीदारी से बावड़ी का पानी पीने योग्य हो गया है। भविष्य में पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में भी विकसित किया जाएगा। ग्राम झड़दा निवासी सुखली बाई ने स्व-सहायता समूह के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में उनके घर की स्थिति खराब थी लेकिन श्री सांई स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद ऋण प्राप्त किया। उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाया और स्वयं का भी एक छोटा व्यवसाय शुरू किया। अब वह लेखा जोखा करना भी सीख गई हैं। बच्चे भी शिक्षित होकर बड़े पदों पर कार्यरत है।

भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा 1,2,3,5 एवं राऊ में हुआ सक्रिय सदस्यों का भव्य सम्मेलन

# भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है : मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

## संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में छुपी होती है : सुमित मिश्रा







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर विधानसभा सम्मेलन में पार्टी के सभी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी, सांसद श्री शंकर लालवानी जी, वरिष्ठ नेता श्री बाबू सिंह रघुवंशी जी, भाजपा के शहर अध्यक्ष नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा जी विधायक श्री रमेश जी मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला जी, महेंद्र हार्डिया श्री मधु वर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री बाबू सिंह रघुवंशी जी ने भाजपा के सदस्यता अभियान पर प्रकाश डाला. उन्होंने कि कैसे भाजपा ने भारतीय राजनीति में बदलाव लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की विचारधारा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर काम करते रहें।

इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा पर विस्तार से बात की। उन्होंने पार्टी के योगदान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा और कहा कि भाजपा ने भारतीय राजनीति में एक नया विश्वास और समृद्धि लाने का कार्य किया है। सम्मेलन के दौरान नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में छिपी होती है। उन्होंने कहा कि एक बड़ा कार्यकर्ता वही होता है जो पार्टी की नीतियों को न केवल समझता है, बल्कि उन्हें समाज के हर तबके तक पहुंचाता है। उनका कहना था कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही पार्टी को मजबूत बनाती है।



### नवकार महामंत्र विश्व में सद्भाव और शांति की स्थापना का प्रभावी सूत्र : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पावन एवं शक्तिशाली मंत्र है, जो विनम्रता, अहिंसा, भाईचारे और आत्मशुद्धि का संदेश देता है।

यह मंत्र न केवल मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन का माध्यम है, बल्कि विश्व में सद्भाव और शांति की स्थापना का प्रभावी सूत्र भी है।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व नवकार महामन्त्र दिवस पर रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुनिश्री आचार्य प्रमाण सागर जी महाराज एवं अन्य आचार्य गण से आशीर्वाद प्राप्त किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आध्यात्मिक पुनरुत्थान और सांस्कृतिक जागरण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। भारत की आत्मा उसकी अध्यात्म-समृद्ध परंपरा में निहित है, और ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उस आत्मा को पुनः जाग्रत करने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# रेडक्रॉस इकाइयों के निर्वाचन की हो नियमित व्यवस्था : श्री पटेल

## राज्यपाल ने की रेडक्रॉस की समीक्षा

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेश की जिला रेडक्रॉस समितियों के निर्वाचन कार्य की राजभवन में समीक्षा की। उन्होंने जिला इकाइयों जिनका कार्यकाल पूरा हो रहा है अथवा हो गया है। उनके निर्वाचन की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए है।**

प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, राज्य रेडक्रॉस समिति के जनरल सेक्रेटरी सहित राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि रेडक्रॉस की सभी स्तर की इकाइयों के निर्वाचन की नियमित व्यवस्था हो।

निर्वाचन कार्य समय पर हो। इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। प्रदेश की जिला इकाइयों का कार्यकाल अंतिम चरण में है अथवा पूरा हो गया है। उनके निर्वाचन का कैलेंडर जारी किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने रेडक्रॉस से संबद्ध समितियों के निर्वाचन प्रक्रिया को भी शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों से राजभवन द्वारा रेडक्रॉस इकाइयों को दिए गए अनुदान के उपयोग की समीक्षा करने की अपेक्षा की है। सिकल सेल एनीमिया के रोगियों को उचित औषधियों की उपलब्धता में बाधा नहीं आए। उन्होंने इस की सतत मॉनिटरिंग के लिए भी निर्देशित किया है।

किसी के अंधियारे जीवन में उजियारा लाएंगी लाल सिंह चौहान की आंखें

# एम्स में नेत्रदान : मानवता की अनमोल मिसाल

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल ने कार्यपालक निदेशक प्रो. ( डॉ. ) अजय सिंह के नेतृत्व में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। संस्थान के हॉस्पिटल कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के तहत, मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुदनी निवासी 61 वर्षीय स्वर्गीय लाल सिंह चौहान ने मरणोपरांत अपनी दोनों आँखों की पुतलियाँ दान कीं। एम्स भोपाल के नेत्र विज्ञान विभाग के आई बैंक की टीम ने स्वर्गीय लाल सिंह चौहान के परिवारजनों, विशेषकर उनके दोनों पुत्रों के साथ गहन परामर्श किया, जिसके परिणामस्वरूप परिवार ने इस परोपकारी कार्य के लिए अपनी सहमति प्रदान की। उनकी इस उदारता से स्व. लाल सिंह चौहान की मृत्यु के उपरांत भी उनकी दृष्टि दूसरे दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाएगी।

इस अवसर पर प्रो. सिंह ने कहा, नेत्रदान एक ऐसा अमूल्य कार्य है, जो मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन में रोशनी फैलाने का अवसर देता है। स्व. लाल सिंह चौहान एवं उनके परिवार द्वारा लिया गया यह निर्णय न केवल दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में उजाला लाएगा, बल्कि पूरे समाज को प्रेरणा देगा। मैं इस महान कार्य के लिए उनके परिवार को नमन करता हूँ और आई बैंक की समर्पित टीम की प्रशंसा करता हूँ, जिन्होंने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### प्रदेश के समस्त जोनल और जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** अंगुल चिन्ह ब्यूरो, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आज दिनांक 09 अप्रैल 2025 को पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवीन सभागार कक्ष में प्रदेश के समस्त जोनल और जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के लिए, एक दिवसीय सेमिनार एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो श्री जयदीप प्रसाद द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में रा.अ.अ.ब्यूरो से उप पुलिस महानिरीक्षक श्री हेमंत चौहान, सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती ऋचा चौबे, संचालक, अंगुल चिन्ह ब्यूरो श्री मनोज सिंह राजपूत, जोनल एवं जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सेमिनार में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के पिछले विगत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई तथा राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश अंगुल चिन्ह ब्यूरो द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं NAFIS(NationaÐ Automated Fingerprint Identification System) के माध्यम से अपराधियों की पतारसी कर अपराध अन्वेषण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंगुल चिन्ह क्षेत्र में व्यवसायिक दक्षता में वृद्धि करने के साथ-साथ नवीन शोध कार्य करने के सुझाव भी दिये गये। इस अवसर पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हाल ही में "Smart Use of Finger Print Science in Investigation" 2024 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिला बैतूल में पदस्थ अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ श्री आबिद अहमद अंसारी को प्रमाण पत्र अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदान किया गया। समापन सत्र में श्री हेमंत चौहान, उप पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को पुरस्कृत करने एवं समस्त अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों को अपनी दक्षता में वृद्धि करने, जिला व जोनल इकाइयों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं अपने कार्यों में सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत केरवा डैम के समीप किया श्रमदान

# जल की बूंद-बूंद का संरक्षण करें : मंत्री तुलसीराम सिलावट

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** जल संसाधन विभाग मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट ने बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत केरवा डैम के समीप श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने का आह्वान किया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प को पूरा करने और नदियों एवं तालाबों के संवर्धन के लिए प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक %जल गंगा संवर्धन% अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जल स्रोतों के संरक्षण, जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य व्यापक पैमाने पर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सभी अपनी सक्रिय भागीदारी से सफल बनाएं।

केरवा डैम, भोपाल के समीप जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आयोजित किए गए श्रमदान कार्यक्रम में विधायक श्री भगवानदास सबनानी, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री विष्णु खत्री, श्री तीरथ मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद राजपूत, सरपंच श्रीमती मीरा तोमर, पर्यावरण विद श्री अभिलाष खांडेकर, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को जल स्त्रोतों के सौंदर्यीकरण और गहरीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के तालाबों पर हर प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल हटाने के भी सख्त निर्देश दिए। श्री सिलावट ने कहा कि जल संकट का समाधान जल गंगा संवर्धन अभियान में निहित है। उन्होंने झाबुआ जिले की प्रसिद्ध हलमा प्रथा से प्रेरणा लेते हुए सभी से अपने जीवन में कम से कम 1 घंटा श्रमदान करने का आग्रह किया।

मंत्री श्री सिलावट ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से पूरा किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। श्री सिलावट ने मध्य प्रदेश में अगले पांच वर्षों में सिंचाई रकबे को 65 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने के लक्ष्य की भी बात कही। मंत्री श्री सिलावट ने वहां उपस्थित सभी लोगों को जल संसाधनों की रक्षा और संरक्षण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान हम सभी का है और इसकी सफलता की नींव प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी पर टिकी हुई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.